SHRIMATI RENUKA CHOWDHU-RY; I am concluding, Sir. Regarding the present Ram Janam Bhoomi-Babri Masjid controversy and conflict, nobody can disagree that we are Indians first. I had made a sincere request and recommendation to the then Defence Minister, Mr. K. C. Pant when Mr. Rajiv Gandhi was the Prime Minister that India after independene has not built any monument in memory of the unknown soldier. Subsequently the Indian Army has been overused. We had the Operation Blue-star. We had the IPKF services who have fought with one hand tied behind them. They went in the guest of peace and laid down their lives. No recognition has been given. Let us now declare this property as a tribute to the unknown Indian solider as a symbol of secularism. Let the Hindus and the Muslims who are fighting over this piece of geography of my country unite and come forward for this soldier who is fighting for this India and tricolour. These are just a few suggestions. Last but not the least to concentrate on nation building it has to start from the school level. We should teach our children that they are Indians first and Indians last. Thank you,

.. STATEMENT BY MINISTER—

Clarification Re. arrival of Minister of State for Foreign Affairs from Iraq-.

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): Mr, Vice-Chairman, Sir, the Iraqi Minister of State for Foreign Affairs, Mr. Mohammad Saeed Al-Sahhaf, was scheduled to land at Delhi Intemational Airport at 6. 30 p. m. by a special place. This information was given to us by the Iraqi Embassy in Delhi.

[THE DEPUTY CHAIRMAN, in the Chair.]

At 5. 30 p. m. when Deputy Minister in the Ministry of External Affairs accompanied by senior officials of the Ministry was leaving for the airport, we got the message that the plane had already landed. At the time of landing one Deputy Secretary of the Ministry of External Affairs and two representatives of the Protocol Division were present at the airport. The Deputy Minister, Shri Digvijay Singh, who was supposed to receive Mr. Mohammad Sa'eed Al-Sahliaf, rushed to the hotel and received the Iraqi Minister there. The Iraqi side well understood the situation and everything is going on normally.

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka); When the scheduled time of the plane was 6. 30 p. m. how did it arrive at 5. 30 p. m. ? How did it land one hour early? Is there any explanation on this from the Government?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLAi,. Madam, this has happened because of the security reasons. Therefore, they have changed the time of landing. The tail ___

SHRI H. HANUMANTHAPPA: By keeping the Government in darkness?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA: There is no problem with the Government or the Iraqi Ambassador or the Iraqi delegation. In fifteen minutes (from now we are going to start - our deliberations and everything is absolutely normal. There is no cause of worry (for the hon. Members.

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE COMMUNAL SITUATION IN THE COUNTRY *(jcontd.)*

THE DEPUTY CHAIRMAN: Now we will continue with the communal situation. Shri Ram Naresh Yadtv.

[THE VICE-CHAIRMAN, **(SHRl** M. A. BABY1 in the Chair 1

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय आज सांप्रदायिकता के संबंध मे

जो चर्चा हो रही है वह इस बात का सबूत है कि सचमुच में यह सदन के लिये ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिये चिंता का विषय बना हुआ है। जब कोई प्रश्न पूरे देश के लिये चिंता का विषय बन जाता है तो यह आवश्यक ही जाता है कि ऐसे प्रश्न पर बहुत गंभीरता के साथ हम लोग विचार करें और गंभीरता के साथ जब विचार करने की बात आती है तो मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमें इस प्रश्न को दलगत भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रीय समस्या समझ करके गंभीरता के साथ विचार करना चाहिये। ताकि देश के अन्दर जो इस सांप्रदायिकता से उत्पन्न सारी समस्यायें हैं, उनका निराकरण हो सके। देश के ऊपर समय-समय पर जो चुनौतियां दिखायी पड़ती हैं, उनका भी जमकर के सारे दल मुकाबला कर सकें। ऐसी स्थिति में जबकि देश में सांप्रदायिक दंगे और तनाव दिखायी पड़ते हैं पूरे देश में तो यह और भी चिंता का विषय है क्यों कि देश के 11 सूबों में यह आंच इतनी तेजी से फैली है कि उससे बहुत से लोग मरे हैं, झुलसे हैं,। साथ ही बहुत-सी संपत्ति का भी नुकसान हुआ है। अरबों रुपये की क्षति हुई है। जब इस स्थिति पर नजर डालते हैं तो उत्तर प्रदेश भी हमारे सामने आता है। महोदय, उत्तर प्रदेश में अलीगढ़, कानपुर, एटा, बुलंदशहर, आगरा, मेरठ, खुर्जा, कानपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर आदि ऐसे स्थान हैं, ऐसे जिले हैं जहां पर कि यह लपट बहुत तेजी के साथ फैली थी। विशेष रूप से पिछले दिनों जो इस तरह की घटनायें हुई, उनमें उत्तर प्रदेश में ही करीब डेढ सौ से ऊपर लोगों की जानें गई थीं। ये तो सरकारी फिगर्स हैं, लेकिन वास्तव में मृत्यु इससे कई गुणा अधिक हुई है। हम यहां पर न रहकर इसके आगे बढ़ते हैं तो अभी हाल में ही अलीगढ़ में फिर हो गया, गुंजद्वारा में हो गया, लखनऊ में हो गया। इस तरह से यह मामला रुका नहीं, जैसे लगता है कि यह एक ऐसा कैंसर रोग हो गया है जिससे निपटने में बहुत ही मुश्किल दिखायी पड़ रही है।

महोदय, यह मामला उत्तर प्रदेश तक ही सीमित नहीं है बल्कि ये बिहार में भी हुआ, मध्य प्रदेश में भी, इंदौर, जबलपुर और रायपुर आदि में हो गया। दिल्ली में भी करीब 10 व्यक्ति मारे गये। राजस्थान में भी अजमेर नागौर, डांकपाली, जयपुर, जोधपुर, धौलपुर, खिलवारागोठ, कोटा, सीकर, उदयपुर और चितौड़गढ़ आदि स्थानों में भी इसकी आंच तेजी से फैली थी और वहां भी काफी लोग मरे। गुजरात में, अहमदाबाद में 40 लोग मारे गये। महाराष्ट्र में, कर्नाटक में 43 लोग देवगिरि, कोणार्क जिलों में 43 लोग मारे गये आंध्र प्रदेश में भी हैदराबाद और रंगारेड्डी डिस्ट्रिक्ट में यह घटना घटी। वेस्ट बंगाल में भी कुछ जिलों में घटनायें घटी। इस तरह से हम देखते हैं तो यह एक ऐसा क्रम दिखायी पड़ रहा है जिसको देखने के बाद ऐसा लगता है कि इंसान, इंसान नहीं रह जाता है। वह कितना पागल हो जाता है, भावावेश और भावनाओं में बह जाता है बल्कि पागल, शैतान हो जाता है। उसके बाद चाहे बन्दूक चलती हों, चाहे बम चलते हों, चाहे चाकू चलते हों या चाहे तलवारें चलती हों—एक भाई, दूसरे भाई का गला काटने, उसकी हत्या करने के लिये तैयार हो जाता है।

महोदय, ऐसी स्थिति में जबकि यह समस्या इतना विकराल रूप धारण कर चुकी है और जब ये सारी चीजें होती हैं तो प्रदेश और देश की प्रगति या उसका विकास रूक जाता है। आर्थिक प्रगति का मार्ग अवरुद्ध हो जाता है और यह मार्ग अवरूद्ध हो जाने से नुकसान किसका होता है? गरीब तबके के लोगों का, हाथ से काम करने वाले लोगों का, जो आर्टिजेंस लोग हैं या जो रोज कमाकर खाते हैं, उन लोगों का बहुत नुकसान होता है और ऐसे लोग मारे जाते हैं। इसलिये विकास में भी अवरोध आता है और हिंसा जो होती है, वह भी एक खतरनाक चीज होती है।

महोदय, ऐसे समय में एक बात कहना चहता हूं कि हमारे यहां का इतिहास

[श्री राम नरेश यादव]

ऐसा रहा है कि चाहे जो लोग इस देश के रहने वाले हैं या जो बाहर से आये हैं– चाहे हूण आये, सक आये, सिदियन आये, मुगल, पठान जितने भी लोग आये, लेकिन भारत का जो धर्म था उसमें इतनी उदारता और सदाशयता थी कि सबको इसने आत्मसात कर लिया। तो 3.00 P.M. जब आत्मसात कर लिया तो आज भी सारे के सारे, चाहे हमारे क्रिश्चियन हों, चाहे हमारे मुस्लिम संप्रदाय के भाई हों और चाहे दूसरे धर्म और संप्रदाय के मानने वाले लोग हों, सभी इस देश के नागरिक बन चुके हैं। हमारे यहां तो एकता का इतना जबर्दस्त प्रमाण मिलता है। हमारे वित्त मंत्री जी बैठे हुये हैं, अहलुवालिया जी भी अभी मौजूद थे, बिहार में बोधगया के महंत को दिल्ली के बादशाह मोहम्मद शाह ने अपनी जमीन जागीर के रूप में दे दी थी और वह जमीन आज भी उनके पास हैं। अकबर ने भी दरभंगा के राजा को जागीर में जमीन दी थी। कश्मीर के सुल्तान जेनुल आबदीन जब प्रायः अमरनाथ और शारदा देवी का भ्रमण करने जाते थे तो वहां के तीर्थ यात्रियों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुये वहां उन्होंने विश्रामालय-धर्मशालाए बनवा दी थीं और इस तरह से जो तीर्थ यात्रियों के लिये धर्मशालायें बनवाई, वे भी इसका उदाहरण हैं। मियां पीर उर्फ बाला पीर ने हरमंदिर साहब का शिलान्यास किया था। यह सब ऐसे उदाहरण हैं जिनसे लगता है कि सचमुच में इस देश की धरती में, इस देश की मिट्टी में जो मानवता का भाव छिपा है, वह भाव कहीं पर एक दूसरे में टकराहट पैदा करने का नहीं होगा, दूसरे के साथ हिंसा के रूप में परिणत करने का नहीं, बल्कि भाई को भाई से मिलाने का भाव था। और धर्म, धर्म तो चाहे हमारा हिन्दू धर्म हो, चाहे मुस्लिम धर्म हो, चाहे कोई और हो, धर्म तो आपस में किसी को लड़ना सिखाता नहीं है, धर्म तो हमेशा सत्य और प्रेम का संदेश देता है।

मैं एक बात और आपसे कहना चाहता हूं कि इस देश के अन्दर और भी बहुत से उदाहरण पड़े हैं। राजस्थान में "गोगामेड़ी" एक ऐसी जगह है, जहां पर एक तरफ हिन्दू पुजारी बैठता है, दूसरी तरफ मुस्लिम पुजारी बैठता है लेकिन वहां पर कोई ऐसी बात नहीं आई। मैं कहना चाहता हूं कि इस तरह की स्थिति है। तो आज भी ऐसे समय में हम लोगों को बहुत गंभीरता के साथ सोचना चाहिये। और हमारी आजादी के आन्दोलन का इतिहास भी इससे भरा पड़ा है। आखिर 1857 में जो पहली लड़ाई लड़ी गई, उसमें बहादुर शाह जफर को किन-किन लोगों ने नेता मान लिया था और बादशाह स्वीकार किया था? और बादशाह स्वीकार करके, उनके नेतृत्व में अंग्रेजों को भगाने के लिये जो प्रथम स्वाधीनता संग्राम लड़ा गया था, वह भी हमारे सामने इतिहास के खुले पन्नों की तरह है और इस पर हमें ध्यान देने की जरूरत है और उससे नसीहत लेने की जरूरत है। सन् 1942 के मूवमेंट में भी और जब स्वाधीनता का जो आन्दोलन आया, उस आन्दोलन में भी जिस तरह से स्व० पं० जवाहर लाल नेहरू, अबुल कलाम आजाद, जाकिर हुसैन, पटेल, इन सारे लोगों ने मिलकर के और सारे लोग जो फांसी के तख्ते पर झूले थे उनमें भी तो सारे धर्म के मानने वाले थे–हमारे सिख भी थे, मुसलमान भी थे और हिन्दू भी थे, वहां पर तो कहीं पर न कोई धर्म था, न कोई सम्प्रदाय था और वे सब एक थे, हिन्दुस्तानी थे और हिन्दुस्तान की मिट्टी से उन सारे लोगों का लगाव था।

महोदय, हमारे सामने गणेश शंकर विद्यार्थी का इतिहास भी है। कानपुर में सन 1931 में जिन्होंने कि उस साम्प्रदायिकता की जलती हुई आग में अपने को भी स्वाहा कर दिया था और स्वाहा करने के बाद जब गांधी जी को सूचना मिली थी तो गांधी जी के जो उद्‌गार थे, उनको मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। गांधी जी ने कहा था "हमें तो गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे व्यक्ति चाहिए। मुझ जब उनकी याद आती है तो मुझे ईर्ष्या होती है। इस देश में दूसरा गणेश शंकर विद्यार्थी क्यों नहीं

पैदा होता"। ये उनके उद्गार इसलिए थे क्योंकि उन्होंने साम्प्रदायिकता समाप्त करने के लिए जिस तरह से अपनी कुर्बानी दी थी, वह भी हमारे सामने उदाहरण है और साथ ही साथ मैं इस समय जब यहां पर साम्प्रदायिकता पर बात कर रहा हूं तो मैं बधाई देना चाहता हूं कि ऐसे भी मौके आए हैं जहां पर कस्बों में, मोहल्लों में हिन्दू भाइयों ने, एक सम्प्रदाय के मानने वालों ने दूसरे सम्प्रदाय के लोगों की रक्षा की है उन्हें घरों में शरण दी है और बचाया है। ऐसे मौके पर मैं बुलंदशहर में डिबाई की एक महिला को बधाई देना चाहता हूं। दूसरे सम्प्रदाय के लोगों ने जब घरों में आग लगाने की, लोगों को लूटने की कोशिश की, हत्या करने की कोशिश की तो उस महिला ने सामने खड़े होकर कह दिया कि जब तक मैं जीवित हूं तब तक किसी भी तरह से उनके घर में, जो माइनारिटीज के लोग हैं, न तो कोई आग लगा सकता है और न कोई लूट-पाट कर सकता है और उसने अपने प्राणों की बलि दे दी। ऐसे भी उदाहरण हैं। बिजनौर भी मैं गया था, अलीगढ़ भी गया था, जहां पर लोगों ने कहा था कि यहां पर हिन्दुओं ने हमारी रक्षा की है, वहां पर मुसलमान सम्प्रदाय के लोगों ने हमारी रक्षा की है। इस तरह से ऐसी भी लोग रहे हैं। लेकिन आज स्थिति क्यों ऐसी हो गयी है कि राम और रहीम के नाम पर लोगों को बांटने की कोशिश क्यों हो रही है? क्यों टुकड़े करने की कोशिश हो रही है जबकि एक तरफ़ कश्मीर का मामला है, पंजाब का मामला इतनी सारी समस्यायें हैं, हम उनको नहीं हल कर पा रहे हैं। लेकिन केवल राम और रहीम के नाम पर बांटने की जो सारी कोशिश हो रही है, जो दो लोग हमेशा इस देश में रहते आये हैं उनके दिलों को जो तोडने की सारी कोशिश हो रही है उनमें एक विश्वास की भावना पैदा करनी चाहिए। उससे हटकर हम उनको दूसरे ढंग से देखते हैं तो सचमुच मे इस तरह की स्थिति देश में पैदा होनी स्वाभाविक है और यही तो कारण था जिसके आधार पर राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद का विवाद भी शुरु हो गया। इस संकीर्ण मानसिकता के आधार पर देश को जलाने का काम नहीं होना चाहिये और जब देश को जलाने का काम, राजनीति की रोटी सेंकने का काम, धर्म को राजनीति से जोड़ने का काम होगा तो यह स्थिति उत्पन्न होती है और यही कारण है कि चाहे रथ यात्रा हुई हो, चाहे अस्थि कलश यात्रा हुई हो और जो सारी चीजें इस तरह की गयी हों उनका परिणाम यह हुआ है कि पूरे देश के पैमाने पर यह हिंसा की, यह साम्प्रदायिकता की आग में लोगों को जलाने का काम हुआ है। मैं कहना चाहता हूं उन भाईयों से कि जो लोग हिंदू राष्ट्र का नारा देते हैं... (व्यवधान)

उपसभाध्यक्ष (श्री एम० ए० बेबी) : प्लीज कांक्लूड।

श्री राम नरेश यादव : मैं कहना चाहता हूं भाईयों से, उन लोगों से जो हिंदू राष्ट्र का नारा लगाने की बात करते हैं आखिर यह हमारे दूसरे सम्प्रदाय के लोग कहां रहें? किस देश में रहें? भारत और पाकिस्तान बनने के बाद यह लोग यहीं के नागरिक हो गये और मैं कहना चाहता हू कि क्या हमारे मुस्लिम भाईयों का कम योगदान रहा आजादी के इतिहास में, क्या देश के बनाने में उनका कम योगदान था, नहीं था। अगर हिंदू राष्ट्र का नारा करके एक बार फ़िर इस देश को टुकड़े करने की जो साजिश लोग कर रहेहैं उसे इस देश के सारे लोग नहीं होने देंगे। यह आज देश की जनता जानना चाहती है और इसलिये मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि यह जो सारे कैसेट चाहे ऋतम्भरा के कैसेट हो, चाहे यह उमा भारती के कैसेट हों उन कैसेटों के बारे में आपने क्या कार्यवाही की? लगता यह है जहां कहीं भी जब गंजडुंडवारा में उमा भारती गयी थी, वहां उन्होंने भाषण दिया और भाषण के बाद भी वहां पर फ़िर आग जल गयी। अलीगढ़ मे गयी तो वहां भी आग जली। यह आखिर किसलिये हो रहा है? क्या

[श्री राम नरेश यादव]

खून-खून नहीं है, जो धरती पर खून है वह जिंदा इंसान का खून नहीं हैं। खून में तो ऐसा नहीं होता चाहे वह किसी धर्म या सम्प्रदाय के मानने वाले क्यों न हों। इसलिये आज ऐसी स्थिति में गंभीरता के साथ विचार करना पड़ेगा और माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप इन कैसिटों पर पाबंदी लगाने का काम करिये और जो धर्म को राजनीति से जोड़कर एक तरफ़ तो रिप्रेजेंटेशन में आप लिखेंगे कि हमारा विश्वास सैक्युलरिज्म में है, हमारे संविधान मे है लेकिन यहां पर आप करेंगे उल्टा ही और उल्टा आचरण करके उन लोगों के मन में एक आशंका व्यक्त करने का काम करेंगे, भरने का काम करेंगे। आखिर होगा क्या? परिणति क्या होगी? देश कहां जायेगा? और फ़िर हमारा सैक्युलरिज्म कहां रहेगा? आप सैक्युलरिज्म में विश्वास करते हैं, सर्वधर्म संभाव में यकीन करते हैं तो जैसे कि गिरजाघरों मे लोगों को पूजा करने की इजाजत है, मंदिरों में इजाजत है, मस्जिदों में जा करके आज पूजा करने की इजाजत है इस आधार पर दूसरे की आस्था और भावना को सम्मान करना पड़ेगा। मजहब किसी की धार्मिक भावना को, साम्प्रदायिक भावना को ठेस पहुंचाने की बात नहीं करता और यही कारण हैं कि भावना को ठेस पहुंचाने का काम करेंगे तो फ़िर गंजडुंडवारा में दंगा हो जायेगा, अलीगढ़ में हो जायेगा, फ़िर इसके बाद जो आपके करनैल गंज में जैसा पहले हुआ था वहां हो जायेगा। यह सारी घटनायें होती रहेंगी, यह हल होने वाली नहीं हैं। इसीलिये इस प्रश्न पर गंभीरता के साथ हमारे उन साथियों को विचार करना पड़ेगा जो हिंदू राष्ट्र का नारा दे रहे हैं। हिंदू राष्ट्र का नारा दे करके इस देश की जनता की जिंदगी के साथ, इस देश के नागरिकों के साथ, इस देश के मॉनोरिटी के साथ खिलवाड़ मत कीजिये नहीं तो आने वाला समाज कभी आपको क्षमा नहीं करेगा। यह भी हम आपके माध्यम से कहना चाहते हैं और माननीय मंत्री जी से कहना चाहते हैं कि आपने कैसिटों पर पाबंदी लगाने के लिये क्या कार्यवाही की? जब अलीगढ़ मे तथा इन सारे जगहों पर फ़िर से झगड़े हो रहे हैं, फ़िर से शुरूआत हो रही है, लोगों के खून बह रहे हैं, अरबों रुपये की संपत्ति का नुकसान हो रहा है तो इस पर प्रशासन क्या करता रहा? सरकार ने कौन से कदम उठाये हैं और अगर सरकार ने कदम नहीं उठाये, सरकार की असावधानी सरकार की लापरवाही रही है तो मैं कहना चाहता हूं कि अगर सरकार सजग रहती, कड़े कदम उठाती तो स्थिति और होती। मैं जानता हूं करनैलगंज का आरोप आया था। इनके ही जो एम. पी. और विधायक दोनों जिम्मेदार थे लेकिन उनके खिलाफ़ कार्यवाही नहीं की गयी। अलीगढ़ में भी गया था जब वहां पर हमारे मायनोरिटी के लोगों ने भी कहा हमारे दूसरे सम्प्रदाय के लोगों ने भी कहा एक दल के नेता विधायक भी हैं, पार्टी के अध्यक्ष भी हैं लेकिन इस सरकार की हिम्मत नहीं पड़ रही है उनके खिलाफ़ कार्यवाही करने की, गिरफ्तार करने की। अस्थि कलश ले जाने की बात होती है। क्यों उन जगहों पर ले जाये जाते हैं? क्यों यह दिखाने के लिये जिस भावना को जोड़ करके आप इस तरह की बातें कर पैदा करना चाहते हैं? क्यों नहीं उन पर पाबंदी लगायी जाती, यह क्यों नहीं हिम्मत आती है? अतः पोलिटिकल विल की जरुरत होगी। अगर पोलिटिकल विल नहीं रहेगी तो देश हमारा टूट जायेगा और आज तोड़ने की सारी साजिश कुछ इस देश के अंदर रहने वाले लोग कर रहे हैं। देश के अंदर रहने वाले कुछ लोग आज तोडने की साजिश कर रहे हैं। इसलिए उस दिशा में गंभीरता के साथ सरकार को ध्यान देना होगा। अभी हमारी एक माननीय सदस्या कह रही थीं कि मुख्यमंत्रियों के बदलने से कुछ नहीं होता। मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि जहां पर मामला इतना खतरनाक हो गया हो, जहां प्रशासन फेल हो रहा हो, सरकार की तरफ से कोई ऐसा कदम नहीं उठाया जा रहा हो जिससे जनता को लगे कि कुछ ठोस कार्यवाही की जा रही है तो ऐसे समय में तो सोचना ही पडेगा और कांग्रेस पार्टी ने

भी जब देखा कि आंध्र की स्थिति भयंकर हो रही है, कर्नाटक की स्थिति भयंकर हो रही है तो उसने मुख्य मंत्रियों को बदलकर तथा मुख्य मंत्रियो ने नैतिक जिम्मेदारी अपने ऊपर लेकर स्तीफा देकर एक नमूना पेश किया कि आइए, हम देश के अंदर एक मनोवैज्ञानिक वातावरण पैदा करके दिखाए कि ऐसे मौके पर जो सरकार, जो मुख्यमंत्री इन दंगो पर नियंत्रण करने में असफल रहे उनको हटाया जाएगा। उनको हटाया गया और दूसरे मुख्यमंत्री बनाए गए। आज उसकी नकल हमारे दूसरे सूबों में भी करने का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश में भी जब हालत इतनी खराब हो रही हैं तो उसके मुख्यमंत्री को भी नैतिकता के नाते आगे बढकर उस कदम को उठाने का फैसला लेना चाहिए एवं इस्तीफा देने का रास्ता अख्तियार करना चाहिए।

साथ ही साथ और जो चीजें हैं, एक बात जरूर हैं कि मामला बहुत खतरनाक मोड पर पहुंच गया है। किसी की मस्जिद को तोडकर मस्जिद को नुकसान पहुंचाकर जो 400-500 वर्षो से बनी हुई है, उसकी जगह पर मंदिर बनाने की बात किसी भी कीमत पर बरदाश्त नहीं की जाएगी। हम इस बात को जानते हैं कि सारे हिंदू सेंटीमेंटल नहीं हैं और सारी माइनोरिटीज के लोगों में भी वह फंडामेंटलज्म नहीं है और अगर इस तरह की स्थिति रही तो जैसे जर्मनी में फासिज्म का उदय हुआ था वैसे ही इस देश के अन्दर ये ताकतें फासिज्म को पैदा करके, इस देश की एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने का काम कर सकती हैं। इसलिए इस मसले को बैठ करके हल करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। यह ठीक हैं कि इसे हल करने की दिशा में इस सरकार की ओर से कुछ कदम उठे हैं लेकिन वे पर्याप्त नहीं हैं. आगे और भी प्रयास करने की जरूरत है। अगर इस तरह से नहीं होता हैं तो एक सुझाव और भी आया है जैसा कि राजीव गांधी जी ने कांग्रेस के प्रेजीडेंट की हैसियत से यह प्रस्ताव रखा है कि जैसे 26 जनवरी, 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ. उस समय जो देश के अंदर हमारे उपासना स्थल रहे जैसे गिरजाघर, मंदिर, मस्जिद, वहीं स्थिति बहाल रखनी चाहिए और इस बारे में सरकार को गम्भीरता के साथ संविधान में संशोधन करने के बारे में सोचना चाहिए और मैं चाहूंगा कि मंत्री जी जो यहां बैठे हैं, वह सदन को बताएं कि सचमुच में क्या-क्या कदम सरकार की तरफ से उठाए गए. क्या अहतियाती कार्यवाही राज्य सरकारों ने की हैं और राज्य सरकारों को क्या क्या निर्देश दिए गए और राज्य सरकारों ने उन निर्देशों का पालन किया हैं या नहीं।

आज समस्या बहुत ही खतरनाक मोड पर पहुंच चुकी हैं और सरकार को उस दिशा में गम्भीरता के साथ सोचना चाहिए और दलीय भावना से ऊपर उठकर इसे राष्ट्रीय समस्या समझकर इस प्रश्न का समाधान निकालने का प्रयास करना चाहिए। अगर ऐसे समाधान नहीं होता है तो निश्चित रूप से अदालत के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं हो सकता। सडकों पर आकर हिंसा करके इस मामले का हल नहीं ढूंढा जा सकता. फिर तो यह मामला बढता जाएगा और यह सिलसिला जारी रहेगा। इससे यह स्थिति हल होने वाली नहीं हैं।

मैं चाहूंगा कि गृह मंत्री जी इस बात को बताने का प्रयास करें कि सचमुच में जिस तरह से यह दंगा फैला हैं उससे निपटने के लिए, उन टूटे हुए दिलों को जोड़ने के लिए, जिन पर घाव हुए हैं उन पर मरहम लगाने के लिए किस प्रकार की कोशिश हुई है। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) : मान्यवर मैं राम नरेश यादव जी की बात का समर्थन करता हूं। जैसा उन्होंने कहा कि नैतिकता के आधार पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए

[श्री संघ प्रिय गौतम]

तो मैं यह कहूंगा कि अगर वे इस्तीफा नहीं देते तो नैतिकता के आधार पर इनको सपोर्ट वापस ले लेनी चाहिए।

श्री राम नरेश यादव : जो आप चाहते हैं, आपकी बात मानने वाला नहीं है। हम उत्तर प्रदेश को साम्प्रदायिकता की आग में नहीं झुलसने देंगे।

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): Mr. Vice-Chairman, the situation in the country is very alarming. Communal forces are raising their ugly head in the country and it is high time that this highest forum of the country took some measures to stop the communal riots that are taking place in many parts of the country. Curfew has to be clamped in many places and military and paramilitary forces are to be deployed in so many places. In this way, we are passing through a critical time in the history of our country. The name and fame of India have been tarnished by the events that have been taking place in our country in the last decade of this centuary.

SHRI CHATURANAN M1SHRA (Bihar): Sir, I have a suggestion to make. Since this short discussion has been converted into a long discussion, other parties and people also should get the chance to speak.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Naturally.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Sir, smaller persons like me should also be given time... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): No smaller person is recognised here!... *(Interruptions)...*

SHRI SHABBIR AHMAD SALARIA (lammu and Kashmir): Those people have already spoken. We should be given time now ________ ('Interruptions),....

DR. NAGEN SAIKIA: Sir, my time should not be taken away because of these interruptions.

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE: Sir, I have raised my hand. several times.... *(Interruptions)....*

DR. NAGEN SAIKIA; Sir, is it a free-for-all now? Everybody is speak% in-g... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); All of you, Please listen to Dr. Saikia. Let him now complete.

DR. NAGEN SAIKIA: I will take only two or three minutes, Sir.

It is very sad that some forces ar«— trying to divide the people of this country on the basis of religion and to make the people think that they are Hindus or Muslims or Christians. I think we should identify those forces, those ugly forces, which have been playing up communalism throughout the country and we should identify those anti-social elements also which are taking advantage of these events. It is high time that we tried to identify the root causes of this and remove them in order to have a better time in the future.

The common people of this country, --are not communal at all. Wherever you go and whenever you meet the common Hindus or Muslims or Christians or Jains, you will see that nobody is communal. Religion is completely a private thing and it should not be politicised. Today, I am a Hindu and tomorrow I can take to Islam and become a Muslim. But 1 remain, and continue to be, an Indian. But, in our country, some forces are burning the human being along with human values in the name of religion^. Is it the teaching of the Hindu scriptures? The Hindu scriptures say, "Amritasaya Putro". Now, we have become the sons of the devil, not to speak of becoming the sons of Amrit. This must be stopped.

Sir, let me be very frank. It is the BJP, the VHP and the Bajrang Dal which are responsible for this situation that has been created in this country. Here, I would like to refer to the military operation that is going in my State. Ironically, its name also is "Bajrang" and it is called "Operation Bajrang" which name smells of religion. It is also not good on the part of the Government to give such names which smell religious or communal to some extent.

Sir, let me be frank. At the time of the elections, the Congress (I) also played a nasty role. Let me cite an example. In the case of Mizoram when election was held the manifesto of Congress(i) had religious overtones—referring to Christianity.

So, Sir, it is high time that secular forces of the country are motivated and united to fight back the evil forces and to save the life and property of the people of this country.

One of my esteemed colleagues suggested that the National Integration Council be called at an early date. 1 think it should be done as soon as possible to find out some ways and $mean_s$ to solve this problem.

Moreover, the old building should be preserved under the laws as a historical monument and both Muslims and Hindus should be allowed to have their temples and mosques in other places. Nearby there is enough land.

Sir, my last appeal would be that an appeal from this House should go to the people and to the leaders of different religions so that we can unitedly arrive at an acceptable solution.

Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BA18Y): Now, Shri Ish Dutt Yadav.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, जिस विषय पर इस सदन में चर्चा हो रही है वह अत्यन्त ही गम्भीर विषय है। एक बहुत बड़ा राष्ट्रीय प्रश्न है। इस विषय का संबंध देश की एकता और अखण्डता से लगा हुआ है। देश के अंदर जो दंगे हुए, फसाद हुए मैं उनके आंकड़ों में नहीं जाना चाहता। एक साल पहले कितने दंगे हुए उन आंकड़ों का भी जिक्र नहीं करना चाहता क्योंकि समय कम है। पिछले एक वर्ष जनता दल की सरकार श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के नेतृत्व में रही है। मैं भी उस दल का एक सदस्य रहा हूं। जो कुछ हुआ उसके लिए हम सब लोग जिम्मेदार हैं। न केवल जिम्मेदार हैं बल्कि उसके लिए दुखी हैं। एक वर्ष के अंदर श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह के शासनकाल में इस देश के अंदर साम्प्रदायिकता का तनाव बढ़ा। जो तनाव बढ़ा उसका यह परिणाम हुआ कि देश के अंदर जगह-जगह घटनाएं हुईं, दंगे हुए और लोग जान से मारे गये, सम्पत्ति का नुकसान हुआ और देश के अंदर भयंकर तनाव बढ़ा। मैं इस संबंध में दो को ही दोषी मानता हूं : एक तो इस देश के भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह को और दूसरे उन लोगों को जो राम रथ लेकर चले थे—हिन्दू राष्ट्र बनाने की कल्पना को लेकर। घटनाएं इसके पहले जो हुई हों और देश के अंदर उसके अलग-अलग कारण रहे हैं लेकिन एक वर्ष के अन्दर इस देश के अंदर जो तनाव बढ़ा उसका मुख्य कारण रामजन्म भूमि बाबरी मस्जिद का मसला रहा है। जब राम मन्दिर बनाने की लोगों ने तैयारी की थी तो हमारी सरकार ने विश्वनाथ प्रताप सिंह ने चार महीने का समय लिया था। जो मेरी जानकारी है, चार महीने के अन्दर कोई वार्ता नहीं हुई। फिर दोबारा चार महीने का समय लिया गया और इस तरह से कुल आठ महीने का समय बीत गया। लेकिन आठ महीने में कभी वार्ता नही हुई और अगर कोई वार्ता हुई तो वह राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के समाधान के लिए सही तरीके से नहीं हुई और इसलिए कह रहा हूं कि सही तरीके से नहीं हुई क्योंकि भूतपूर्व प्रधान मंत्री जी

[श्री ईश दत्त यादव]

को यह भय था कि अगर निर्भीक होकर देश के हित में या राष्ट्र के हित में बात करेंगे तो भारतीय जनता पार्टी के लोग अपना समर्थन वापस ले लेंगे और उनकी सरकार नहीं रहेगी। यह भय या निराशा उनके मन के अन्दर थी जिसके कारण सही ढंग से वार्ता के जरिये राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद के सवाल को हल नहीं किया जा सका।

मान्यवर, एक कमेटी बनाई गई। आप जानते हैं कि यह उत्तर प्रदेश की समस्या है, राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद का सवाल उत्तर प्रदेश का है। लेकिन जो कमेटी बनाई गई उसमें वहां के मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव को नहीं रखा गया जो वहां के ला एण्ड आर्डर के लिए जिम्मेदार थे और जो सारी परिस्थितियों से वाकिफ थे। श्री मुलायम सिंह यादव को उस कमेटी में नहीं रखा गया। बैठकें भी किस तरीके से की गईं, यह भी देख लीजिये। विश्व हिन्दू परिषद से अलग से वार्ता की गई, बी०जे०पी० के लोगों से अलग से वार्ता की गई.... (**व्यवधान**) और बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के लोगों से अलग से वार्ता की गई। एक साथ बैठा करके बात करने की कोशिश हमारे भूतपूर्व प्रधान मंत्री ने नहीं की। अगर कोशिश की गई होती तो समस्या का हल निकल गया होता। मैं अपने प्रधान मंत्री माननीय श्री चन्द्रशेखर जी को बधाई देना चाहता हूं और उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह जी को बधाई देना चाहता हूं कि इन लोगों ने प्रयास किया और एक साथ तीनों को बैठा करके बैठक की और 6 तारीख को जो कार सेवा होने वाली थी वह शांतिमय ढंग से हुई, उसमें कोई हिंसा नहीं हुई। 6 तारीख से पहले अगर बैठ करके बात नहीं करते तो शायद 30 अक्तूबर और 2 नवम्बर वाली घटनाओं की पुनरावृत्ति होने की आशंका थी। इसलिए इस सिलसिले में एक चीज कहना चाहता हूं। आडवाणी जी ने पिछले 7 नवम्बर को लोक सभा में कहा था, जिस दिन श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह विश्वास मत प्राप्त कर रहे थे उस दिन आडवाणी जी ने कहा था कि प्रधान मंत्री जी, आपने कहा था कि आडवाणी जी रथ यात्रा चालू रखिये, कार सेवा करने के लिए अयोध्या पहुंचिये और हो सका तो मैं भी कार सेवा में आपका साथ दूंगा। मैंने एक समाचार पत्र में पढ़ा था, मैं उसकी सत्यता नहीं जानता कि वह सही समाचार था या नहीं था, लेकिन श्री वी पी० सिंह जी ने आडवाणी जी को कहा था कि वहां मस्जिद है ही कहां। आप कार सेवा के लिए जाइये, अगर कोई जर्जर इमारत या मस्जिद है तो उसकी एक ईंट उखाड़कर के आपको दे दूंगा। आप मंदिर बनवा लें। यह समाचार पत्र की बात है, मेरी व्यक्तिगत जानकारी नहीं है। उसी समाचार पत्र में यह भी कहा गया था कि बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी के लोगों से उन्होंने कहा कि मैं किसी भी कीमत पर आडवाणी जी को अयोध्या जाने नहीं दूंगा और न ही मंदिर बनने दूंगा। इस तरह से दो तरफा पालिसी श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने चलाई जिसके कारण यह मामला हल नहीं हो सका और एक साल के अन्दर राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद के सवाल को लेकर इस देश के अन्दर तनाव बढ़ा। मैं कोई लम्बा भाषण नहीं करना चाहता हूं, आपने मुझे कम समय दिया है, लेकिन माननीय आडवाणी जी के बारे में निवेदन करना चाहता हूं कि माननीय आडवाणी जी की मंशा या उनकी पार्टी के लोगों की मंशा मंदिर बनवाने की कतई नहीं है। यह उन्होंने रथ यात्रा नहीं, राज यात्रा निकाली थी। राज कायम करने के लिये निकले थे। मान्यवर, मैं बिहार की स्थिति जानता हूं। जब बिहार से आडवाणी जी की रथ यात्रा शुरू हुई थी और वे उत्तर प्रदेश की सीमा की ओर बढ़ रहे थे तो उनके साथ 5 हजार से लेकर 7 हजार हथियारबंद लोग चल रहे थे। तीर-धनुष, हत्था-कट्टा, बम और आग्नेय अस्त्रों के साथ चल रहे थे। मान्यवर, अगर यह लोग चार मुट्ठी सीमेंट लेकर चलते, बालू लेकर चलते, ईंटें लेकर चलते, सरिया लेकर चलते तो मैं समझता कि ये राम जन्म भूमि पर राम के मंदिर का निर्माण करने जा रहे हैं। लेकिन ये तो जैसे युद्ध करने के लिये जा रहे थे। मान्यवर, मैं

बताना चाहता हूं कि ये अपने रथ पर बी० जे पी० का चुनाव चिह्न लेकर चले थे। ये चले थे राम का मंदिर बनाने के लिये अपनी पार्टी का चुनाव चिन्ह लेकर और हथियार बंद लोगों को साथ लेकर। मैं उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को धन्यवाद दूंगा जिन्होंने देश के मुसलमान भाइयों और विशेषकर उत्तर प्रदेश के मुसलमान भाइयों में यह साहस पैदा किया कि चाहे आडवाणी हो या चाहे कोई हो, तुम्हारी मस्जिद पर कोई आंच नहीं आयेगी। वरना मुसलमान भाइयों ने, मैंने अखबार में पढ़ा था कि उन्होंने भी हिफाजती दस्ता बना लिया था। अगर आडवाणी जी की रथ यात्रा वहां पहुंच जाती और हिफाजती दस्ता बन जाता तो दोनों तरफ से धर्मयुद्ध हो जाता। अयोध्या के अंदर अगर यह होता तो मान्यवर इस देश के गली-कूचों में और पूरे देश के अंदर ही नहीं बल्कि इसकी आंच दूसरे देशों में भी पड़ती जहां हिन्दू और मुसलमान रहते हैं।

इस चीज को मुलायम सिंह यादव ने बचा लिया मुसलमान भाइयों के अंदर हिम्मत पैदा करके। **(समय की घंटी)** मान्यवर, आपने घंटी बजा ली, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। इस सिलसिले में मैं कहना चाहता हूं कि मुलायम सिंह यादव, जो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री हैं वह चाहते थे कि शांतिमय ढंग से सब कुछ हो और 30 तारीख को कोई घटना न हो और शांतिमय ढंग से समस्या का निराकरण कर लिया जाय। लेकिन मान्यवर, हमारे गृह राज्य मंत्री जी यहां बैठे हैं। ये जानते होंगे और यह इनकी जानकारी में होगा कि भूतपूर्व प्रधान मंत्री वी पी सिंह ने यहां से आर्डर भेजा था कि जिन बदमाशों को उन्होंने गिरफ्तार किया है, जो 30 तारीख को दंगा कराना चाहते थे, उनको रिहा किया जाए। उन्होंने आदेश भेजा। इतना ही नहीं, यहां से सेना का एक जहाज भेजा गया, हेलीकाप्टर भेजा गया और अयोध्या के अंदर जो हार्डकोर लोग बैठे हुए थे, जो 30 तारीख को दंगा कराना चाहते थे, बावजूद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रोकने के, उन 14 लोगों को हेलीकोप्टर से दिल्ली बुलाया गया और उनको स्टेट गेस्ट की हैसियत दी गई और फिर उसी हेलीकोप्टर से उनको अयोध्या के अंदर उतारा गया और इसी के कारण 30 अक्तूबर और पहली तारीख को अयोध्या के अंदर ये घटना घट गई। मान्यवर, वहां पर यह जो घटना घटी यह बहुत दुखद है, बहुत शर्मनाक है। वहां पर जो भी मरे हैं वे भारत मां के सपूत मरे हैं, यह स्पष्ट है। लेकिन मान्यवर, दो तरह की बातें जो इस देश में चल रही थीं इसकी ज्वाला देश भर में भभकती रही। केवल अयोध्या के अंदर नहीं बल्कि देश के कोने कोने में, अभी माननीय रामनरेश यादव जी कह रहे थे कि अस्थि कलश घुमाया जा रहा था। मान्यवर, मैंने स्वतः ही देखा है। मैं मध्यप्रदेश में गया था। हमारे मध्यप्रदेश के माननीय संसद सदस्य बतायेंगे, मैंने वहां पर कई अधिकारियों से बात की, लोगों से बात की। जिस दिन मैं वहां गया था तो वहां प. अस्थि कलश घुमाया जा रहा था। उनसे बात करने पर मालूम हुआ कि मध्यप्रदेश के एक भी आदमी की अयोध्या में मौत नहीं हुई है। लेकिन अस्थि कलश घुमाया जा रहा था ताकि देश के अंदर, मध्यप्रदेश के अंदर साम्प्रदायिक दंगे हो जायें। मान्यवर, 30 तारीख के पहले अयोध्या जाने के लिये इटावा बार्डर पर मध्यप्रदेश की सरकारी मशीनरी लगी हुई थी और मध्य प्रदेश से लोगों को जबर्दस्ती.... **(समय की घंटी)** मैं समाप्त कर रहा हूं। मुझे तीन मिनट का समय दीजिये।

जबर्दस्ती अयोध्या के अंदर हथियारबंद लोगों को भेजने की कोशिश की जा रही थी ताकि अयोध्या के अंदर दंगा हो जाय और केवल अयोध्या के अंदर ही दंगे न हों बल्कि देश के कोने कोने में दंगे हों ऐसा वे चाहते थे। बी०जे०पी० का हिन्दू राज का जो सपना है वह कभी पूरा होने वाला नहीं है लेकिन इसको पूरा करने के लिये वह इस तरह से प्रयास कर रहे थे.... (समय की घंटी)

महोदय, मैं केवल दो मिनट का समय लूंगा। मान्यवर, आज भी लोकसभा के एक सदस्य हैं, मैं उनका नाम नहीं लूंगा उनका कैसेट जगह जगह बजाया जा रहा है और हिन्दू तथा मुसलमानों के बीच में नफरत पैदा करने की कोशिश की जा

[श्री ईश दत्त यादव]

रही है । मेरी जानकारी है कि कई लाख की संख्या में इन लोगों ने, हमारे माननीय सदस्य गौतम जी की पार्टी के लोगों ने इस कैसेट को बनाया है और इस कैसेट को देश की गली गली में बांटा जाता है ताकि देश के अंदर साम्प्रदायिक दंगे हों । मैं चाहूंगा, मैं गृह राज्य मंत्री और सरकार से चाहूंगा कि जहां भी ये कैसेट मिलें उनको जब्त कर लिया जाय और उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही होनी चाहिये । ... **(व्यवधान)** ...

मान्यवर, मैं अंत में कहना चाहूंगा, हमारे माननीय यादव जी ने कहा कि इनकी पार्टी की राय है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री को बदल दिया जाय । ये लोग हमारे सहयोगी दल हैं । हमारी सरकार इनके सहयोग से है । मैं विनम्रतापूर्वक निवेदन करना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश के अंदर मुलायम सिंह ने जो शांति और व्यवस्था को कायम करने के लिये काम किया है और जो तनाव को रोकने के लिये काम किया है, राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद झगड़े को रोकने का काम किया है उसके लिये वे बधाई के पात्र हैं । किसी राजनैतिक द्वेष के कारण से, किसी व्यक्तिगत कारण से किसी मुख्य मंत्री को बदलने से आपकी समस्या का हल नहीं होगा । वह मुख्य मंत्री तो आप जैसे समस्या का हल चाहते हैं वैसे ही इस समस्या का हल चाहता है और उस समस्या को हल करने के लिये हर संभव कोशिश कर रहा है । मैं उनको हृदय से बधाई देना चाहता हूं ।

महोदय, मैं अंत में माननीय गृह राज्य मंत्री और अपनी सरकार को अपनी ओर से कुछ सुझाव देना चाहता हूं । महोदय, देश के अंदर साम्प्रदायिक तनाव को घटाने के लिये हिंदू और मुसलमान इस देश में भाई भाई की तरह रहें, मान्यवर मजहब कभी नफरत पैदा नहीं करता है, मजहब तो भाईचारे की भावना को पैदा करता है । चाहे वह कोई भी मजहब हो। लेकिन कुछ ऐसे लोग हैं जो मजहब के नाम पर देश को खंडित करना चाहते हैं । मैं सरकार से चाहूंगा कि ऐसे लोगों के ऊपर सरकार को कड़ी निगरानी रखनी चाहिये । इसके साथ ही केन्द्र से लेकर जिला स्तर तक सद्भावना समितियां बनाई जानी चाहियें । मान्यवर, मैं गृह राज्य मंत्री और सरकार से कहना चाहूंगा कि वे पुलिस की दक्षता को बढ़ाने की कोशिश करें । अगर रायट्स को रोकने के लिये कोई विशेष दस्ता भी बनाना पड़े तो बनायें और उनको इस काम के लिये प्रशिक्षित किया जाय ।

मान्यवर, हमारे प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी और हमारी सरकार इसके लिये प्रतिबद्ध है और मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद और बधाई देना चाहता हूं । जिस दिन से वे गद्दी पर विराजमान हुए हैं उस समय से साम्प्रदायिक तनाव देश में घटने लगा है और झगड़े कम हुए हैं । . . . **(व्यवधान)** . . .

मान्यवर, मैं आखिर में, मैं उपेन्द्र जी से रिक्वेस्ट करूंगा कि वे मेरी बात सुने । महोदय, मैं अंत में चार पंक्तियां कहना चाहूंगा जो कि पद्य में हैं उसके बाद मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । मान्यवर, इन लोगों ने, गौतम जी की पार्टी के लोगों ने राम को कमजोर बना दिया है, उन्होंने राम की महिमा को घटा दिया है । इनके राम थोड़े से क्षेत्र में, एक संकुचित क्षेत्र में हैं जब कि मान्यता है कि भगवान रोम रोम में व्याप्त हैं । इन्होंने अपने राम को एक जगह पर लाकर संकुचित कर दिया है और राम को कमजोर मान लिया । ये राम की रक्षा के लिये धनुष बाण लेकर चल दिये थे रथ पर बैठकर । आज तक राम के सहारे हम चल रहे थे, देश चल रहा था । जिसकी आस्था थी वह राम का नाम लेकर बैतरणी पार कर रहा था । आज वे राम संकट में फंसे हैं और यह उन के राम को उबारने के लिये गये थे । इन्हीं के लिये मैं ये चार पंक्तियां निवेदन करना चाहूंगा :

रोम रोम में रमे हैं विश्व व्यापी राम,
राम का महत्व एक वृत्त में न डालिये,
रामजन्म भूमि तो राम ही संभाल लेंगे,
हो सके तो आप मातृभूमि को संभालिए।

SHRI E. BALANANDAN (Kerala): The issue under discussion is serious. Many hon. Members yesterday and today have narrated many problems. The time at my disposal is very little and, therefore, J wish to put forth certain essential points. Yesterday, the Home Minister has placed before us certain figures, i. e. 890 people dead and 3882 wounded. These figures do not reflect the fact. The unofficial estimate is somewhere double the figure he has given, but then these figures will not give us the exact gravity of the situation. I myself travelled twice to Aligarh and then I went to Bulandshahr, Khurja and Jehangirpuri. I found certain things which 1 do not want to narrate here. Only one point I wish to state and that is, the Hindu-Muslim divide is complete. In the last four-five months incessant, continuous propaganda had been carried on throughout the coun try in the name of the Ram Janam-bhoomi Temple issue. I do not want to narrate the campaign. what was the campaign? The main campaign was not to erect only a temple in Ayodhya and demolish the mosque there. According to BJP it was only a beginning. They wanted to liberate 3000 temples which are to be built. According to them, during the Moghul period those temples were demolished. Previously they were temples and were demolished by the Moghuls and mosques were erected there. So, they said that it was the duty of the Hindus, whosoever was having pride iO Hinduism, to rise and to see that all these 3000 mosques were demolished and in their place temples were erected. This is the main thing. Do not think that this is the issue only of the Ram Janambhoomi Temple. They were vocal in their writings, in their speeches. Their view is clear from the audiovisual (cassettes and all that they were publihing. Therefore, the issue is not so simple

When I went to Aligarh, I visited the old city, where 32 houses were burnt. Among them mosques were also there, and at a distance of 100' yards I found another basti of Hari-jans whose six to seven houses were also burnt. On the first day of my visit to Aligarh the army men stopped me and two-three of my friends who were with me. They said, "No, nobody can go. " Then I was asked to see the District Magistrate. I went to the District Magistrate's office, but he was not there. Then I came back and talked to the policemen. Meam-while the District Magistrate was coming. I stopped his car and told him that I was Balanandan, a Member of Parliament and he was another M. P. coming with me. Both of us wanted to talk to him. But the Magistrate said, "I have no time. " That Magistrate has been removed from there. Another Magistrate is there now. But this was the officialdom. In spite of all this, privately I went to meet the people. By whom was the riot in Aligarh started? It was not a Hindu-Muslim riot. It can be said that the PAC's killing the people of Aligarh provoked the riots. This was the position there. I don't want to go further on that.

Then, I went to Khurja and Jahan-girpur. One story I may say, with your permission. It is a small town. There, some people came from the villages, shouting *"Ramki jai"*. Two or three Muslim families were there. Hearing the noise, they became shaky. Two people ran away and those were killed on that day. The other 22 people simply went into a small room and locked themselves in. These people came there and found the room locked. Then they brought gunny bags and other things and put light to the door itself. Smoke went inside and, due to suffocation, 10 people died inside—women, children, old men, etc. The police were there, just

[Shri E. Balanandan] near by. They were looking on; they did not do anything. After some time they came and opened the door and took out the people one by one. Thty found 10 dead and 12 unconcious. This was the situation. So, this was the duty the police were performing under the great raj of Mr. Mulayam Singh Yadav today. Yesterday that was not the position. However, the position is this that the Muslims in general, in these areas, feel that they are not being protected. Whatever criticism one may raise against the V. P. Singh raj—many critisisms can be made—one good thing was there: It can firmly be said that formerly the Muslims were having confidence that the Administration would try to protect them. There may be incapacity; that is another point. Then, under the administration °f Mr. Mulayam Singh Yadav as well as the administration everywhere, the feeling among the Muslims was that there was an Administration to protect them. That has been shaken after the day Shri Chandra Shekhar, my friend, took over the *gaddi* of the Government here.

My friend here was criticizing that Mr. V. P. Singh did not take any steps for seven months and so on. May be correct. After the *Rath Yatra* started, Mr. V. P. Singh was talking with Mr. Advani and others to find out a solution. But who wanted a solution? They wanted war. As *I* told you, they wanted one thing: First you start with Ayodhya, demolish the mosque, erect a temple and then go on erecting temples, demolishing 3, 000 mosques in the country. This was the slogan. With this slogan, can you go and make a compromise? Mr. Chandra Shekhar is trying his best, and] wish him success. But the point here is, a square issue came up. Mr. V. P. Singh pleaded with Mr. Advani's party, "AH right, at least you change the date. On the 30th itself you need not demolish it; let us have another date". "No. " "Can you leave it to court decision?" "No. Here and now I must do it; on the 30t itself I must demolish the mosque. " That was the condition that was put.

SHRI SANGH PR1YA GAUTAM; That is not so.

SHRI E. BALANANDAN: I am giving my information. You can correct when you get your time.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); Don't interrupt him; let him con linue.

SHRI E. BALANANDAN: Therefore, I plead with you, Sir, you may be more informed but I may not be ill-informed. But the nation knows that one point came to the fore and, that was, whether we should allow a mosque to be demolished by a political or religious group and allow them to erect a temple there, physically, in spite of the law, in spite of the ban, etc. Then where will India be? India is a country wherein we are having Muslims, Hindus and so many other communities. They are all protected by law. Today our BJP friends say that the question of Ram temple is not negotiable; it cannot be left to the decision of any court because the question of Ram temple cannot be decided by any court. With your permission, | Sir, I must quote from an agreement which I has been entered into on September 27, 1989 between the Government of Uttar Pradesh and tht leaders of the Vishwa Hindu Parishad. One para, I shall read, Sir, with your permission, that is para (f):

> "The VHP undertakes to abide by the directive of the Lucknow Bench of the Allahabad High Court given on 14-8-89 to the effect that the parties to -the suit shall maintain the *stctus quo* and shall not change the nature of the property in question and ensure that peace and communal harmony are maintained. "

This is the agreement signed. My friend might remember that when *shilanyas* was allowed, this agreement was signed. Has this agreement got no sanctity? The Visb-va Hindu Parishad is an organisation which always goes before people with the name of God and Ram. If Ram had agreed to do something, will *he* change that agreement by himself? Mr. Ashok Singhal is a big leader. He has signed it here. He ha9 sard that the nature of the property would not be changed unless he would get a court verdict. Now they say that they

cannot go to the court. Why can they not go to the court? This is one issue, Sir.

Another issue, many friends have said that they would want to have a Hindu Rashtra here. They also say that the original sin is the partition of India. What do they want to do about it? My friend who was Speaking said that the original sin was done in 1947 when the country was divided.

They say that Muslim women are giving birth to more children, that the ratio of Muslim boys and girl's being born in the country is a little more than that of the average Hindus. Also they say that Pakistan is threatening us and that more money is being Spent by the Government of India. For that the Muslims should be penalised is the theory. Pakistan has been established at our freedom. What are we going to do about that? Forty-three years have passed. As one of my friends spoke here, he was born in free India. He did not see the division of the country etc. He is a citizen of India. So also all the Muslims are like that.

My friends are taking the name of Hindus. I am a Hindu, *pucca* Hindu. My father's name is Ram. My mother's name is Ishwari. You know both. Therefore, I am a *pucca* Hindu. But these people monopolise all the Hindus. How? Some people might be there with them, not all the Hindus. *(Interruptions)* You cannot talk in the name of Hindus. If you can talk like that, I can also talk like that. I am very much a Hindu like you.

The question today is: Do you respect the law of the land? We have a constitution. By this constitution nobody is allowed to kill anybody else. Kumari Uma Bharati, the leader, is making speeches. Sir, I request all theSe friends, for the time being let us forget her You hear her speech. Every Muslim or any other man who loves the country, will shudder to hear the speech She is making. The BJP is conducting a struggle for propagating that video-audio cassette. They are staging *asatyagrah* in ' Delhi for freedom. What freedom do they want? The freedom to propagate these things. Thet is, to divide the country into two and three.,. They are continuing the *satyagrah.* My friend talked about the *satyagrah.*

You know what is going on there in Ayodhya today. Twenty buses have been provided by the Government of Uttar Pradesh. The *karsevaks* are taken there as State guests. They come *in* the buses. The buses are stopped in between. These peo ple get down, go into the coffee shops and eat. They will say, "You will get the money from Mr. Mulayam Singh. " Therefore, nobody opens his shop. That is the situa tion. They are being taken by the Gov ernment to do the job and go away. This is how this is being done. Mr. Chandra Shekhar's Government and Mr. Mulayam Singh's Government are encouraging this thing. So, what I am saying is that this is a very serious Situation, Governments may come and Governments may go, Prime Ministers may come and- go, but once India is divided, we would not be able to unite it. Tin's is the point that has to be considered. I respect my Congress party friends, but their conduct at the crucial hour on November 7 was wrong. The question posed was about only one thing. Of course, hundreds of questions were there, but the main question that was posed there at that time was if we are going to allow the physical demolition of a mosque against the law of the land and divide the country into pieces. That was the question at that time. But somebody thought it was an opportune time to get into the *Gaddi* of the Government. Somebody also thought that this fel!ow had put us down. So, that was an opportune time to seek vengeance. I am sorry to say that this was a wrong step. All right, this is what has happened. You know what has happened in Hyderabad. English papers are all right, but Hindi papers are allowing venom to spread throughout the country. The national dailies no doubt have given correct position. Anybody who reads papers will be weeping on reading the description of the situation. Therefore, to be precise and short, I am suggesting three things for consideration of the Government. One, is that there is a National Integration Council. Different political parties are here. The BIP might be having its views. They can hold their views because that is their freedom. But their freedom should not curtail the freedom of others. That is the ABC of things in a

[Shri E. Balanandan]

democracy. In democracy, if I have a democratic right to worship, you should allow others also their right to worship. This freedom is not granted by them. Therefore, I suggest that the Government of India should call immediately the National Integration Council so that they can have a dialogue there. All the political parties would put their heads together and find a solution for this communal situation which ft, engulfing the country. It is not only engulfing the eleven States; even in my State, Kerala, where it is not easy to have a communal frenzy, this has happened and two people lost their life. Even in a district in West Bengal this has happened. Therefore, it is a conflagration developing throughout the country. Therefore, we have to put a stop to it. As suggested by somebody, those mosques or temples, which were there in 1947, when we achieved freedom or in 1950, when the Constitution was adopted, should be protected. That *status quo* should be maintained. This Parliament and this Government should come forward with a law to protect those religious worship places to be protected under the law.

One more Suggestion I would like to make. I find that PAC is not a fit Government apparatus to deal with the communal situation. They were not doing the iob entrusted to them. Therefore, some other machinery should be formed in the police force. In hat police force there should be adequate represenatation of the minorities. It is a correct thing. When you Say Muslims have committed so many mistakes, somebody correctly pointed out that while the population of Muslims is 12 per cent of the total population, their representation in thes Government is only one per *cent.*

To be short, a new police force is to be created. The National Integration Council is to be convened and some law be promulgated for protection of mosques and temples, which were there in 1947 or in 1950. With these words I conclude.

4. 00 p. M.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI *M.* A. BABY); Before I call Dr. Ratna-kar Pandey, I would like to make it clear that already the time that has been allotted for this discussion has been exhausted. But considering the importance of this matter, we are taking a lenient view. Some mere Melmbers from the small parties who could not speak would also be given an opportunity to speak. Therefore the Members from whose parties their leaders have already spoken—many more names are still there—« should confine themselves to the new points. Otherwise, it will be difficult for the Chair to accommodate everybody. The Minister also wants to reply today. So this is my submission. So try to be brief.

श्री शमीम हाशमी (बिहार): ऑनरेबल डिप्टी चेयरमैन साहब, आज हिन्दुस्तान जल रहा है और शोलों में घिरा हुआ है। सारे हिन्दुस्तान की, 85 करोड़ की चिंता है और 15 करोड़ की जान पर बनी हुई है। इतने अहम टाइम में लोग क्या कहते हैं, इसमें "पय" समय को नहीं काटा जाए। आप चाहें तो एक दिन के लिए और बढ़ा दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN: Actually the allotted time is over but more time is being given.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, नव वर्ष की मंगल कामना सदन की ओर से आपको प्रदान करते हुए मैं चाहूंगा कि आपके सभापतित्व में जब देश का सर्वोच्च सदन साम्प्रदायिकता पर विचार कर रहा है तो निश्चित रूप से यह साम्प्रदायिकता की जो विषबेल चारों तरफ अपनी जहरीली छाया फैला रही है, वह समाप्त होगी और हर्षमय, हरे-भरे, सुखद, सुवासित वातावरण का निर्माण होगा।

साम्प्रदायिकता जीवन का अनिवार्य अंग हैं। दक्षिण भारत के संतों ने जिन सम्प्रदायों का सृजन किया, चाहे रामानुजाचार्य हों, चाहे वल्लभाचार्य हों, चाहे विट्ठल आचार्य हों, उन सबने जो सिद्धान्त बना दिया---द्वैत, अद्वैत, विशिष्टाद्वैतवाद, बहुत कुछ बनाया, उस दर्शन के परिप्रेक्ष्य

में मैं जाऊंगा तो आप कहेंगे कि बहुत अधिक समय आप ले रहे हैं। इसलिए जो भी दर्शन भारत के संतों ने बताए, उनका गान उत्तर भारत के कवियों ने किया और उसमें चाहे हिन्दी के कवि रहे हों, चाहे तुलसी और सूर रहे हों, चाहे मीरा और जायसी रहे हों, चाहे कन्नड़ के कवि रहे हों, चाहे गुजराती के कवि रहे हों, चाहे मराठी के कवि रहे हों, सबने उनका गान किया। यह देश युगों से दक्षिण और उत्तर, हिन्दू और मुसलमान में बंटा नहीं रहा है। हिन्दी का निर्माण किसने किया? खुसरो ने किया और मृदंग को काटकर तबले का निर्माण उसने किया। खुसरो मुसलमान था जन्म से, लेकिन उसने कहा था कि :--

गोरी सोए सेज पर, मुंह पर डारे केस

चल खुसरो घर आपने, रैन भई चहूं देस ।।

हमारे रसखान ने कहा था कि:--

मानुस हों तो वहें रसखान, ...

जो मुसलमान और हिंदू नहीं, इस देश की विविधिता में एकता का जो स्वर था, वह न हिन्दू का था, न मुसलमान का था, न क्रिश्चियन का था, न उत्तर का था, न दक्षिण का था, वह भारत का था भारत की पहचान थी और कोटि-कोटि स्वरों से जो स्वर उभरते थे उन्हीं का परिणाम था कि शक आए, सिथियन आए, हूण आए, मंगोल आए, मुसलमान आए, लोदी आए, जो भी आए इस देश में, सब इस देश के वासी बनकर रहे और यहां की प्रकृति और वातावरण में अपने को ढाल लिया। हमारे देश में कम्यूनल फोर्सिस हैं, वह हिन्दुओं में भी हैं, मुसलमानों में भी हैं और इसमें भिन्न-भिन्न सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्वार्थ लोगों के निहित हैं और उन स्वार्थों के कारण ही जो कुत्सित प्रयत्न धर्म के माध्यम से, सम्प्रदाय के माध्यम से राजनीति में हासिल करने की कोशिश की जाती है तो साम्प्रदायिकता वहीं भड़क उठती है।

अभी 11-12 महीने पहले इस देश में विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधान मंत्री हुये। उस समय उन्होंने नहीं देखा कि मैं एक ओर तो प्रोग्रेसिव कम्युनिस्टों का समर्थन ले रहा हूं और दूसरी ओर उन रिएक्शनरी फोर्सेज का समर्थन ले रहा हूं, प्रधान मंत्री होने के लिये जो साम्प्रदायिकता में विश्वास करते हैं, इंसान को हिंदू और मुसलमान में बांट करके देखते हैं, तो कभी गंगा जल को लेकर के चलेंगे और उस पर चंदा उतारेंगे। कभी राम को आज लेकर के चल रहे हैं, कभी गौ माता को लेकर के चलेंगे। इलैक्शन बीत जायेगा, समस्या हल हो जायेगी, वह भूल जायेंगे। वाजपेयी जी इस सदन में इस समय नहीं हैं लेकिन जब आडवाणी जी रथ यात्रा लेकर के चले अयोध्या की ओर तो उन्होंने कहा था कि वानर सेना को लेकर आप अयोध्या तो जा रहे हैं लेकिन क्या आप इस वानर सेना पर पूरी तरह नियंत्रण रख पायेंगे क्योंकि यह वानर सेना लंका की ओर नहीं जा रही है अयोध्या की ओर जा रही है और उसका परिणाम क्या हुआ? रामचरित्र मानस में तुलसी दास जी ने लिखा है जब राम अयोध्या को छोड़ करके गये थे माननीय उपसभाध्यक्ष जी, तब अयोध्या कितनी खिन्न थी, कितनी दुखी थी। आज वहां जो पीड़ा दिखायी पड़ रही है अयोध्या में कुछ उसी तरह की पीड़ा उस समय रही होगी। अतः उसका वर्णन करते हु कवि तुलसी दास जी ने लिखा है अयोध्या कांड में:

"लागति अवध भयावनि भारी।
मानहुं कालराति अंधियारी ।।
घोर जंतुसम पुर नर-नारी ।
डरपहिं एकहि एक निहारी ।।
घर मसान परिजन जनु भूता ।
सुत हित मीत मनहुं जमदूता ।।
बागन्ह बिटप बेलि कुंभिलाहीं ।
सरित सरोवर देखि न जाहीं ।।
नृप बूझे बुध सचिव समाजू
कहहु बिचारि उचित का आजू ।।
समुझि अवध असमंजस दोऊ ।
चलिऊ कि रहिऊ न कह कुछ कोऊ

[डा॰ रत्नाकर पाण्डेय]

और वही स्थिति आज अयोध्या की बना दी है सम्प्रदाय के उन्माद में। इस ग्यारह महीने के बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह से समर्थन वापिस ले लिया और सोचा कि मेरे हाथ की कठपुतली बनकर वे यह रहें। विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने भी जैसा प्रतिष्ठित अखबार वालों ने लिखा और संसद में भी जैसा उस दिन, जिस दिन उन्होंने प्रधान मंत्रित्व छोड़ा था, लोगों ने बताया कि उन्होंने आश्वासन दिया था कि वहां तो मस्जिद है ही नहीं, वहां ईंटें हटादी जायेंगी। बड़े मुस्कराकर बात करते हैं, उस बात का कुछ अर्थ निकलता है या नहीं निकलता है उसी मुद्रा में उन्होंने बात की हो बी॰जे॰पी॰ के नेताओं से और बी॰जे॰पी॰ के नेताओं ने जब उनसे समर्थन वापिस लिया तो—"एक दिल के टुकड़े हजार हुये कोई यहां गिरा कोई वहां गिरा।" अब छटपटा रहे हैं, रो रहे हैं और साम्प्रदायिकता के आधार पर उनकी सरकार चल रही थी और मुझे यह कहने में संकोच नहीं है कि जब नये प्रधान मंत्री चन्द्रशेखर जी हुये तो प्रधान मंत्री की शपथ लेने के बाद वह सबसे पहले माननीय अडवाणी जी के यहां गये। वे सबसे पहले 6 सौ से 8 सौ करोड़ रुपये के बीच में चंदा जुटाने वाले आदरणीय अशोक सिंहल के यहां गये। क्यों? क्योंकि जब मैंने आपको समर्थन दिया है तो व्यवहारिकता की दृष्टि से इतने दिन तक तो आप नहीं गये अडवाणी जी के यहां, इतने दिन नहीं गये आप सिंहल के यहां। क्या जरूरत थी आपको जाने के लिये जब साम्प्रदायिक तत्व के विरोध में हम आपके साथ सीने से सीना लगा करके खड़े हैं और कांग्रेस आपके साथ खड़ी है तो एक रु॰ में तीन अठन्नी भर जाने का काम चन्द्रशेखर जी भी बंद करें। यह नहीं चलने पायेगा। हम अगर यह महसूस करते हैं कि सांप्रदायिक ताकतें इस देश को तोड़ना चाहती हैं, इस देश में हिंदू-मुसलमान के नाम पर खून-खराबा हो रहा है तो मैं प्रधानमंत्री जी से यह उम्मीद करूंगा कि वे सांम्प्रदायिक शक्तियों को बढ़ावा न दें। प्रधानमंत्री तो सारे देश का प्रतिनिधि होता है। महोदय, इसी संदर्भ में मैंने प्रधानमंत्री जी को एक पत्र लिखा था, छोटा सा पत्र है जिसे मैं सदन के रिकार्ड में लाना चाहता हूं। यह पत्र मैंने 24 नवंबर, 1990 को लिखा था:—

"मान्यवर चन्द्रशेखर जी,

सादर प्रणाम। प्रधानमंत्री होने के लिए मेरी हार्दिक बधाई स्वीकार करें। मेरी कामना है कि ईश्वर आपको सफलता दे। पिछले प्रधानमंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनकी सरकार ने... "

Dada, let me express myself.

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): No, no. I only want to request you, don't set another convention You see, private letters.. *(Interruptions).*

DR. RATNAKAR PANDEY: This is not a private letter. This is a letter to the VHP. This is not my personal thing and the Prime Minister has answered what he is doing. I am going to record it. I am not a child. *(Interruptions)*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): No you can tell the substance of the letter instead of reading the letter. The hon. Member is right in saying that it cannot be quoted as such. You can just place the essence of what you have written. *(Interruptions).*

डा॰ रत्नाकर पाण्डेय: विश्वनाथ प्रताप सिंह और उनकी सरकार ने कई सांप्रदायिक दलों जैसे भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद तथा बजरंग दल आदि के साथ मिलकर इस देश में घोर सांप्रदायिकता की भीषण आग फैलाई है जिनमें सारा देश जल रहा है। विश्व हिंदू परिषद ने राम मंदिर के नाम पर 600 करोड़ से अधिक रुपया चंदे का जुटाया है। पिछली सरकार के समय इनकम टैक्स कमिश्नर श्री गुप्ता ने विश्व हिंदू परिषद को इसका हिसाब-किताब देने के लिए नोटिस जारी किया था परंतु विश्वनाथ प्रताप सिंह के आदेश से उसे

निरस्त कर दिया गया और उक्त कमिश्नर श्री गुप्ता का स्थानांतरण करके उन्हें तरह-तरह से धमकी दी गई और उन्हें नौकरी छोड़नी पड़ी। मैंने यह मामला संसद में भी उठाया था पर सरकार निरुत्तर थी। इसका तत्काल विश्व हिंदू परिषद द्वारा जमा की गई 600 करोड़ की संपत्ति को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित करें"...

(व्यवधान)

SHRI S, JAIPAL REDDY (Andhra . 'Pradesh): Sir, I am on a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): What is your point of order?

, SHRI S. JAIPAL REDDY; As has already been pointed out by you, Sir, he is reading from a document. Therefore, that document must be placed on the Table of the House and he can read only from a Government order. Obviously, it is not a Government order. So I don't think that what he read should be allowed to go on record

DR. RATNAKAR PANDEY: Try to listen to the full contents.

श्री सैयद सिब्ते रजी (उत्तर प्रदेश) : जो हमारे दोस्त ने कहा, वह इसके लिए नहीं है। —I think, he is consulting papers. While he is consulting his papers, he is trying to convey something. I think, he has not violated any convention of the House by consulting his papers. *(Interruptions).*

DR. RATNAKAR PANDEY; I do'nt want to take lessons from you, Mr. Reddy. *(Interruptions).*

SHRI S. JAIPAL REDDY: Mr. Pandey <is- beyond my teaching, I know that. But ; the point is, I have raised a point of order.

DR. RATNAKAR PANDEY; There is no point of order. Please don't interrupt me. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M, A. BABY): Pandey Ji, one minute. Let me deal with the point of order raised by the hon. Member. The hon. Member is right that from a letter, one Should not quote. But Mr. Reddy, please consider what Pandey Ji has spoken as part of his speech so that we will not be setting any wrong precedent also. Kulkarni Ji has also raised that issue—the technical side of the whole thing—and we are not breaking that convention that Members should not quote from personal documents.

SHRI S. JAIPAL REDDY; Mr. Vice-Chairman, what I suggest is, he could sum up the whole thing as a part of his speech. *(Interruptions).*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Jaipal Reddy Ji, this is now Pandey Ji is summing up. *(Interruptions).*

SHRI S, JAIPAL REDDY: How can a Member quote his own letter on the floor of the House?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl M. A. BABY); No, no; the Member is summing up by reading it.

SHRI S. JAIPAL REDDY: May I take it that without reading he is unable to sum up?

DR, RATNAKAR PANDEY; I don't want to create the morning scene, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRl M. A. BABY): Pandeyji, kindly conclude now. So much time has been talen by you.

DR. RATNAKAR ■ PANDEY; ' I am : coming to the main points, Sir.

AN HON. MEMBER: This is the prob-em, Sir. Pandeyji should have come to he main points without reading the letter.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : देश की जनता से करोड़ों रुपया जो इकट्ठा किया गया यह कब-कब, कहां-कहां इकट्ठा किया गया और किन-किन मदों पर यह पैसा खर्च किया गया ? शेष धनराशि कितनी बची है, इसका क्या उपयोग किया जाएगा ?

[डा॰ रत्नाकर पाण्डेय]

विश्व हिन्दू परिषद इस भारी धनराशि को सांप्रदायिकता पर आधारित हिंसक राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति पर बेतहाशा खर्च कर रहा है। आपसे अनुरोध है कि इस खर्चे पर तत्काल रोक लगाएं और देश को सांप्रदायिकता से बचाने के लिए कारगर कार्यवाही करें। इस मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश से कराई जाए।

श्रीमन्, मेरे पत्र का उत्तर जो मैंने 24 नवंबर को लिखा था, 27 नवंबर को मुझे मिला... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Pandeyji, you have taken more time than Shri Ram Naresh Yadav.

DR. RATNAKAR PANDEY: No, no; Sir, I have spoken for 15 minutes. The first speaker had taken 40 monutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Don't quote from the letters. You kindly tell the contents.

डा॰ रत्नाकर पाण्डेय: उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि विश्व हिन्दू परिषद के बारे में जो सवाल आपने उठाया है, उसके बारे में थोड़ी जानकारी मुझे भी है। यह प्रधान मंत्री का पत्र है, भारत के प्रधान मंत्री ने मेरे पत्र के जवाब में लिखा है। इस बारे में क्या किया जा सकता है, इसको देखने के लिए मैं वित्त मंत्री से कहूंगा। यह माननीय प्रधान मंत्री जी का कथन है। मैं जानना चाहूंगा कि नवंबर से अब तक आपकी सरकार ने क्या कार्यवाही की है? रुपए के बल पर खूनखराबा मचाया जा रहा है। 600 करोड़ रुपए जो जनता से मांगे गए उसका उपयोग सांप्रदायिक दलों की चुनावी ताकत को मजबूत करने में लगाया जा रहा है। मैं यह डंके की चोट पर कहना चाहता हूं... **(व्यवधान)**

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Sir, I am on a point of order. I am listening to one figure again and again. Sometimes he says 600 crores, sometimes 300 crores. I want to know the source of this figure.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): He is just taking a similar figure.

DR. RATNAKAR PANDEY: I want to know what the Government is doing about this amount. If you are speak'. ng on behalf of the Vishwa Hindu Parishad kindly telt me what the real amount is.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Sir, my concern is that this responsible House cannot be misled by an hon. Member. Now I would like to know the authenticity of the records. He is quoting the figures without any basis... *(Interruptions)*... Members have been misled to the point as if what he said has been admitted by the Prime Minister. It is not so. That is why the point of order raised by my hon. friend, Mr. Reddy, is very relevant. The man has been using the liberty of this House to utter absolute untruths,. (/n-*terruptions)*.. What is the source of this figure? There people are speaking absolutely irresponsibly. I am not as irresponsible as you people are... *(Interruptions)*...

SHRI PARVATHANENI UPENDRA (Andhra Pradesh): Notwithstanding the procedural aspects, what Shri Ratnakar Pandey has said is a very serious matter. This is about an organisation which has collected hundreds of crores in the name of a temple and about which the Prime Mnister himself has admitted in his letter and he has some knowledge about it. We expect that the Minister of State for Home Affairs or the Prime Minister would come forward and tell us what information they have in their possession.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): There is no doubt that this is a serious matter. Dr. Jain is also concerned about this matter. Therefore, I hope when the Minister of State for Home Affairs replies there would be a clarification on this point And if necessary, if the Government thinks that the Prime Minister should himself make a statement', I hope: the Government would do so.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: I think the Prime Minister is going to intervene. Let the Prime Mtrristei; explain it.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: My *request is whatever* information the Prime Minister or the Minister of State for Home Affairs gathers, that information should be supplied to the House and till then let I this topic be stopped. Dr. Ratnakar Pandey \ is citing whatever figures come to his mind. What nonsense is he talknig ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): I hope the Government is taking due note of the matter.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: On a point of order. I want to make a personal explanation. He is making a personal attack on me...

DR. RATNAKAR PANDEY: When he was speaking I was not disturbing him. Why is he interrupting me ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): You please conclude now.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं समझता हूं माननीय सदस्य के कैसेट को विश्व हिन्द परिषद् ने खरीदा है इसीलिए इसकी प्ली ले रहे हैं। उस कैसेट की कल भी दिन भर चर्चा होती रही है। **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री एम० ए० बेबी) : आप कृपया कंक्लूड कीजिए, आपने बहुत समय ले लिया।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : हमारा सारा टाइम माननीय सदस्य ने ले लिया। **(व्यवधान)** मैं यह जानना चाहता हूं इस देश के बहुत से संत विदेशों में घूम कर भारत की मर्यादा का, आध्यत्मिकता का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं और विभिन्न विदेशीमुद्रा का व्यापार कर रहे हैं तो ऐसे लोगों में चन्द्रा स्वामी का नाम जग जाहिर है। वह अपने को वर्तमान प्रधान मंत्री का गुरू मानते हैं जिसकी कंटर डिक्शन प्रधान मंत्री जी को कल लोकसभा में करनी पड़ी कि चन्द्रास्वामी मेरे गुरू नहीं है। पिछली सरकार ने विदेशी मुद्रा कानून के तहत आरोप लगाया था... **(व्यवधान)**

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी : यह वही चन्द्रास्वामी है जिसके खिलाफ फेरा का आरोप लगाया गया था? यदि वह है तो वह गुंडा है, क्रिमिनल है। **(व्यवधान)**

डा० रत्नाकर पाण्डेय : हां, वही है। उन्हीं के बारे में मैं बोल रहा हूं। **(व्यवधान)** एक तो मैंने विश्व हिन्दू परिषद के चंदे के बारे में कहा और दूसरे चन्द्रास्वामी के बारे में कहा ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री एम० ए० बेबी) : आपने ज्यादा समय ले लिया, आप बैठ जाइये।

DR. RATNAKAR PANDEY: I am coming to that...

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: On a point of order.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI" M. A. BABY): Ratnakarji, please don't go to other subjects. You have taken more time. Please confine yourself co the topic of communalism.

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: Pandeyji, you are supporting such a mafia. What can we do ?

(Interruptions)

DR. RATNAKAR PANDEY: I want to say the Congress has nothing... *(Interruptions)*

SHRI A. G. KULKARNI: The Congress has nothing to do with Chandraswamy or Subramanian Swamy.

DR. RATNAKAR PANDEY: I want to say...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Please don't prolong your speech. Please conclude now.

DR. JINENDRA KUMAR IAIN: On a point of order...

DR. RATNAKAR PANDEY: What is this? On every sentence he is objecting...

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: On a point' of order...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI *id.* A. BABY): You can speak when your turn comes. When you speak, you can pick up these points.

SHRI A. G. KULKARNI: I think he lias personal knowledge of Chandraswamy.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Let us not bring In any names in the speeches.

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Is it not an established convention of the House that one who is not a member of the House, who is not present here, is not called names? He has called him goonda and what not.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); There were occasions when such references have been made umpteen times... *(Interruptions)...*

SHRI MENTAY PADMANABHAM (Andhra Pradesh): Mr. Chandraswamy is not a person, he is a Gcdman!.. *(Interruptions}..*

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: If Mr. Kulkarni had called him like that outside the House, he would have been taken to the court.. *(Interruptions)...* I don't think that calling somebody a goonda is done in this House.. *(Interruptions).*

SHRI PARVATHANENI UPENDRA: He claims to be a Godman!... *(Interruptions)*,..

SHRI A. G. KULKARNI: Sir, Dr. Jain says that this is never done in this House. For his experience, I would say that he is still in the Montessori class in Parliament... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Mr. Pandey, you conclude now.

डा० रत्नाकर पाण्डेय : उपसभाध्यक्ष जी, मैंने चन्द्रास्वामी का नाम लिया तो सदन के कई कौनों से माननीय सदस्य उठ कर खड़े हो गये। मैं कहना चाहता हूं कि चन्द्रास्वामी अन्तर्राष्ट्रीय फ्राड है। उसके ऊपर फैरा में केस चल रहा है और जब पिछली सरकार थी तो वह देश निकाला था और उसके सहायक किसी अग्रवाल को बंद कर दिया गया था और जब से यह सरकार आई है वह सबसे बड़ा हिन्दुओं का संत बन कर जो सम्प्रदायिकता की आग लगी है अयोध्या में, उसको सुलझाने के लिए घूम रहा है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से इस सदन के माध्यम से मांग करूंगा कि उसको फैरा के अन्तर्गत गिरफ्तार करें। उस पर जो आरोप हैं उसके तहत उसका पूरा ट्रायल करें। यह बड़ा नाजुक मसला है। जिस सम्प्रदायिकता की आग में जल करके इस देश को तोड़ने की कोशिश की जा रही है, उससे सतर्क रहने की जरूरत है। सम्प्रदायिक दल कोई भी हों, हिन्दू साम्प्रदायिकता हो या मुस्लिम साम्प्रदायिकता हो, जो पैट्रो डालर नेशन्स से कुछ संस्थाओं को रुपया आ रहा है और जो घरों में रखा जा रहा है और जो इस देश में लांचरों और प्रक्षेपास्त्रों से आक्रमण हो रहा है, जो लोग इस देश को मस्जिद और मंदिर के झगड़े पैदा करके तोड़ना चाहते हैं, वे राष्ट्रद्रोही हैं, उनके साथ कोई समझौता या किसी तरह के झुकने का कोई प्रश्न नहीं होना चाहिए। बातचीत से सारी समस्या हल हो, इसमें हमारा विश्वास है। लेकिन जहां तक राष्ट्रीयता का प्रश्न है, हमारे देश के संविधान का सवाल है, जहां तक हमारे हिन्दुओं और मुसलमानों का एक साथ मिल करके रहने का प्रश्न है उसका उदाहरण मगहर में है जहां पर कबीर का मंदिर भी है और मस्जिद भी है। एक ही बिल्डिंग में दोनों बने हुए हैं। अयोध्या की समस्या में कोई आउटसाइडर नहीं होना चाहिए। अयोध्या के लोग स्वयं इस समस्या को हल करें। बाहर के लोग, चाहे वे किसी भी दल के हों, कहीं के हों, उनको फैजाबाद और अयोध्या न जाने दिया जाय और इस समस्या का समाधान निकाला जाय। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि राजनीति की रोटी साम्प्रदायिकता की आग में सेंकने की आदत इस देश में कुछ तत्वों को लग गई है, जो कभी गाय के नाम पर,

कभी गंगा जल के नाम पर अपनी राजनीति चलाने की कोशिश करते रहते हैं। इन शब्दों के साथ मैं कहना चाहता हूं कि मैंने सभापति जी से आग्रह किया था कि मुझे बोलने का मौका दिया जाय। बीस मिनट तो इंट्रप्शन्स में चले गये, मैं 10-12 मिनट ही बोल पाया। मेरी सारी चीजें रह गई। फिर भी मैं जानता हूं कि इस देश के अन्दर शक्ति है... **(व्यवधान)**।

कुमारी आलिया (उत्तर प्रदेश) : अभी रत्नाकर पाण्डेय जी ने कहा कि अयोध्या के मसले को फैजाबाद के लोग सुलझा सकते हैं, उसका मैं समर्थन करती हूं। यह सुझाव उन्होंने दिया है, मैं इसके लिए उनका शुक्रिया अदा करती हूं।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि जहां जहां भी कांग्रेस की सरकारें हैं, चाहे वह आन्ध्र प्रदेश हो, चाहे कर्नाटक हो, हमारे नेता श्री राजीव गांधी जी ने ... **(व्यवधान)** हमने एक ही झटके में वहां के मुख्य मंत्रियों को बदल दिया। लेकिन श्री मुलायम सिंह यादव इतने प्रबल हो गये हैं कि प्रधान मंत्री श्री चन्द्रशेखर जी चाहते हैं कि उनको हटाया जाय, लेकिन श्री मुलायम सिंह यादव कहते हैं कि हम चुनाव पर चले जाएंगे। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इस तरह से नहीं चलता है मुलायम सिंह डिक्टेट करें पूरे देश को और प्रधानमंत्री को। यह इस देश में नहीं चलने दिया जाएगा। मुलायम सिंह से भी उतनी ही घृणा आज है जितनी विश्वनाथ प्रताप सिंह से है। जहां भी दोनों जा रहे हैं, मैं हिंसक राजनीति में विश्वास नहीं करता हूं, किसी भी दल के नेता पर ढेला फेंका जाए उस पर आक्रमण किया जाए, मैं इसकी निंदा करता हूं। जहां भी यह लोग जा रहे हैं चाहे मुलायम सिंह हो चाहे विश्वनाथ प्रताप सिंह हो पूरे भारत में उनका स्वागत जिस तरह से जनता कर रही है, जितना आक्रोशमय, घृणामय और जितनी साम्प्रदायिकता का उपयोग इन्होंने अपनी सत्ता बचाने के लिए किया है, मैं उसकी निंदा करता हूं। चन्द्रशेखर जी को चाहिये कि देश में, उत्तर प्रदेश में सुबुद्ध लोगों की कमी नहीं है, निर्भीक हो कर के मुलायम सिंह यादव को झटके के साथ निकाल बाहर करें और ऐसे व्यक्ति को लाएं जो शान्ति स्थापित कर सके। जैसे विश्वनाथ प्रताप सिंह के हटने के बाद चन्द्रशेखर जी आए हैं इससे स्थिरता आई है उस तरह की स्थिरता जब तक प्रदेश में नहीं आएगी तब तक कुछ नहीं हो पाएगा। **(समय की घंटी)** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक अन्तिम सेंटेंस कह रहा हूं। मैं बनारस का रहने वाला हूं। राम नरेश यादव जी ने बताया कि 14-15 जिलों में दंगे हुए, बनारस में भी कर्फ्यु लगा रहा। मैं अभी पिछले रविवार को बनारस में था। मुझे बताया गया कि राम नामी साफा बांधे कुछ लोग काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की ओर गये और कहा कि उधर पीली कोठी की तरफ और ललापुरा की तरफ तो मुसलमानों ने मन्दिरों में आग लगा दी और वहां गायों को काट कर फेंक रहे हैं। हमारे काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के छात्रों ने उनको दौड़ा दिया तथा कहा कि तुम वहां जाओ पीली कोठी और जैतपुरा की तरफ, इधर मत आओ। तब वह उधर आग भड़काने के लिए गये। उधर मुसलमानों ने उनको कहा कि तुम वहां जाओ जहां मस्जिदों के कंगूरे तोड़े गये हैं। अफवाहें फैला कर आप इस देश में करना क्या चाहते हैं? जो बी० जे० पी० के साम्प्रदायिक तत्व है या जो पेट्रो डालर्स नेशंस के पैसे पर साम्प्रदायिकता के उन्माद में मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट जैसी संस्था बना कर मुफ्ती मोहम्मद सईद जैसे लोग इस देश में करना क्या चाहते हैं? यह बैन होना चाहिये। सारे साम्प्रदायिक दल चाहे हिन्दुओं के हों या मुसलमानों के या किसी अन्य के उन्हें बैन करो। इस देश की राष्ट्रीयता के साथ, 84 करोड़ जनता के साथ साम्प्रदायिकता का सौदा करने की किसी को छूट न दो तब जा कर चन्द्रशेखर जी के प्रधानमंत्री बनने का हमारा समर्थन सार्थक होगा क्योंकि साम्प्रदायिकता में हमारा विश्वास नहीं है,

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

धर्मनिरपेक्षता में हमारा विश्वास है। अंत में मैं यह शेर कहना चाहूंगा–

जिस तरफ जाते हैं होती है क़यामत बरपा,

एक फ़ितना है जो कदमों से लगा रखा हैं।

[The Vice-Chairman$_3$ (Dr. Nagen Saikia) in the Chair]

PROF. SOURENDRA BHATTACHA-RJEE; Mr. Vice-Chairman, before pro> ceeding on the subject matter I would have to refer to a certain point which hurt me very much. The Vice-Chairman was gracious to announce that even though the allotted time is over we have decided to be liberal in accommodating some smaller parties. Now, I do not know whether there are second-class and first-class citizens here. Members are Members. 'Others' have been allotted 25 minutes of time in this discussion. Up till now not a single Member from that group has spoken. If the time is exhausted, it has been exhausted by the comparatively big parties. Earlier 'others' were spread over the discussion. That was the practice. The change in the practice is something which causes great hardship, great harassment to the Members of the so-called smaller groups, categorized as they are.

Now, I can recall the pre-partition riots—riots of 1946, riots of 1947— which accounted for a large number of lives, as you know, and the partition of the country. Even since then, through our national leadership declared that we are not accepting the religious basis for the partition of the country and that India would continue to be a secular State, we know in this secular country, since independence, in all these 43 years, we witnessed riots and riots. The total number of riots is more than 10, 000. The number of persons killed is a matter for research. But never before T witnessed the national divide to this extent as witnessed in the last year of the past decade or the first year of the present decade. And it seems to us—to my Party— it reminds us of the partition days when thousands of people were butchered all over the country and over the dead bodies, the country was partitioned. When Mr. Pramod Mahajan said that the country was partitioned by such parties, he forgets to tell—its BJP and Mr. Pramod Mahajan might not have been born then—the previous incarnation, the Jan Sangh or the Hindu Mahasabha and their leaders fully supported partition of the country. It is not possible to excuse them from this blame, if the blame is to be put. I can claim that my Party opposed it tooth and nail at that time. And naturally, as in the House so in the vast country, because of our smallness, there was not much impact, and the coustry was divided, not on the dead body of Mahatma Gandhi who announced, let India be divided over my dead body. But we saw in six months the dead body of Mahatma Gandhi in this very city of Delhi, who was killed by a fanatic, by an assassin in the name of what now goes by the name of Hindutva. It is a fact, a historical fact irrefutably established, which cannot be denied by anybody. But the point is, in our country, in spite of secularism, communalism persisted, riots persisted because of the ambivalence of the ruling power and sometimes the indulgence of the ruling power which has been the Congress since the beginning of our independence, uninterrupted till 1977. We know how many bodies were laid in communal riots. Whether it was Pandit Jawaharlal Nehru or Smt. Indira Gandhi or Rajiv Gandhi after that, except for tne interlude of 1977 to 1979, the ambivalence, the ambivalence of allowing the Silanyas in the disputed land in Ayodhya, that ambivalence is there in the Congress because they are here representing the vested in-trests in the country. And it is these vested interests which stood in th» way of transforming the country from a medieval society to a modern and scientific society, and which used this card of communalism quite often Mr. Mahajan asked as to why we are ashamed to call ourselves a Hindu. We feel it is not the

religious denomination which should identify us; it is our work which should identify us. One may be a peasant; one may be an artisan; one may be a teacher, like that, and not a Hindu or a , Muslim, because religion is the belief of an individual.

The country is secular when religion is divorced from the State and the State is divorced from the religion. A religious fanatic like Allauddin Khilji was secular in the sense that he kept the mullahs away from the State craft. That is what secularism means, that is, not to surrender to the scruples and prejudices of all the religions. But that is what has been done,. that is our secularism. And if it creates a misunderstanjine, then the ambiguity should be removed.

The question of riot can be dealt with properly if we take care of the essential issue. But exchange of documents between the VHP and the Babri Masjid Action Committee, we feel, is no way to (find a solution. There is no way to find out whether the mosque existed before, Or the temple existed before. And if it is proved that a temple did exist, still this does not warrant destruction of the mosque. Mosque should remain there. It is not a matter of Ayodhya or the VHP or the BJP, or the BJP giving the power of attorney to VHP, and now we see that all over the country they will purify the religious places by demolishing the mosques wherever they think that the' mosque was built on demolishing a temple. This philosophy is being advanced, which is very dangerous and should be totally rejected. I am a teacher of history and a student of history. I never learnt and I never taught that Rama was not historial being. Rama, you know, is respected and revered by crores of people all over the country, and a Bengali poet says, Rama is solace to the soul. Now he has been made an instrument—Rama - has been made an instrument of riot. We must not allow this to happen. We believe in secularism and we must try to save the country from the clutches of these fanatics. That is the urgent task before JS in the face of this blood-bathing *all* over the country. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NA-GEN SAIKIA): We shall have to stick to the time because we have less time at our disposal. Now, Shrimati Satya Bahin.

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे समय दिया। आज का जो विषय है वह वाकई बहुत चिंता का विषय है। जो बीता वर्ष था वह समय तो चला गया, साल भी बीत गया, लेकिन मैं समझती हूं कि पिछला साल हमारे भारत के इतिहास का सबसे बुरा, दुर्भाग्यशाली काला, और खूनी वर्ष रहा। मैं तो उस वर्ष को भूला वर्ष कहूंगी और उस वर्ष के खलनायक रहे, भूतपूर्व प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह।

महोदय, आज हम लोग सांप्रदायिक स्थिति पर यहां चर्चा कर रहे हैं। मैं यह नहीं कहती कि सांप्रदायिक दंगे पहले नहीं हुए थे। हमारे देश में पहले भी कई स्थानों में दंगे हुए हैं और आज जो दंगे हुए हैं, जिससे हमारा पूरा देश और मैं समझती हूं कि एक दर्जन राज्य इस दंगे की आग में आज जल रहे है। किन्तु पहले दंगों में और आज के दंगों में बड़ा फर्क है। पहले दंगे होते थे, तो किसी एक घटना के ऊपर हो जाते थे, अचानक हो जाते थे, कोई एक दुघटना, या अचानक कोई एक बात हो जाती थी, जिस पर दंगे हो जाते थे, लेकिन आज के जो दंगे हैं, आज के हालात में जो सांप्रदायिक माहौल देश में पैदा किया गया है, वह कार्यक्रम बना करके, योजनाबद्ध रूप से, षड्यंत्र के माध्यम से किया गया है और वह षड्यंत्र और उसका लक्ष्य चुनाव को लेकर है।

मैं स्पष्ट कहना चाहती हूं कि मैं एटा जिले को बिलांग करती हूं। मेरा जिला एटा उत्तर प्रदेश में है। वह एक ऐसा छोटा जिला है, पर हम सब लोग घमंड करते थे। हमारा जिला अमीर खुसरो का जिला है, जहां अमीर खुसरो पैदा हुए थे और हमारा जिला सांप्रदायिक

[श्रीमती सत्या बहिन]

सद्भावना के लिए पूरी दुनिया में मशहूर रहा है। अभी तक हमारे जिले में कभी दंगे नहीं हुए थे। वहां पर पिछले महीने की चार तारीख को भारतीय जनता पार्टी की तरफ से एक जुलूस निकला, जिसमें एक महिला ने; जो पीले वस्त्र पहने हुए थी, सिर मुंडाया हुआ था और जो शायद नको संसद भी है दूसरे सदन की उसने बड़े भड़कीले भाषण दिए। पूरे जिले भर में घूम-घूम कर अल्पसंख्यकों के खिलाफ इतने अपमानजनक शब्द कहे, जिसे कोई भी सभ्य नागरिक सुनना पसंद नहीं करता और उन भाषणों की, उन नारों की प्रतिक्रिया तो जरूर ही कहीं न कहीं होनी थी।

महोदय हमारे जिले में जो दंगे हुए चार तारीख को, वह वहीं से शुरू हुए। गंज गुरुद्वारा में वहां पर इतने दंगे शुरू हुए। मैं वहां पर गई। वहां का दर्दनाक माहौल देखने लायक नहीं था। चली दुकानों में लाखों करोड़ों का नुकसान हुआ है। दर्जनों लोगों-हिन्दू, मुसलमानों दोनों की जानें गई हैं। बल्कि मैं कहती हूं कि हमारे देश के नागरिक उसमें मरे हैं। एक पत्रकार गजेन्द्र सिंह राठौ रिपोर्टिंग के लिए जा रहा था, उसको मार दिया। एक महिला अपने बच्चे के लिए दवा लेने जा रही थी, उसको रिक्शा में से उतार कर मार दिया। तो इस तरह का माहौल पैदा किया जा रहा है। इस माहौल के लिए जिम्मेदार लोग आज देश के कर्णधार बनने के लिए जा रहे हैं।

इन लोगों को, मैं समझती हूं कि जब तक हम कार्यक्रम बना कर और अपने एक नीति नहीं बनायेंगे, तब तक इन दंगों पर काबू नहीं पाया जा सकेगा। इन दंगों को रोकने के लिए आज हमारी जो संवैधानिक आस्थायें और प्रक्रियाएं हैं, उन पर चलना होगा।

भारतीय जनता पार्टी के लाल कृष्ण आडवाणी जी ने जो रथ-यात्रा शुरू की थी, वह रथ-यात्रा नहीं बल्कि वोट की खातिर एक रक्त यात्रा थी, जो पूरे देश में घूम-घूम कर सांप्रदायिक माहौल पैदा किया, घृणा का माहौल पैदा किया गया और यह इसलिए क्योंकि इनके पास कोई कार्यक्रम नहीं था, कोई योजना या राजनीतिक दिशा सरकार के लिए या देश के लिए या समाज को देने के लिए उनके पास कोई संदेश नहीं था, इसलिए उन्होंने राम का नाम राजनीति से जोड़ा और यह गैर-कानूनी है।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव (महाराष्ट्र) : यह राम को बेचना चाहते हैं।

श्रीमती सत्या बहिन : राम का नाम लेकर यह हमारे हिंदू समाज को कलंकित करना चाहते हैं। अपने राजनीतिक उद्देश्य के लिए... **(व्यवधान)**

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : राम के नाम को बेच कर आप वोट लेना चाहते हैं।

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन : यह आपका कहना है, हमारा नहीं।... (व्यवधान)

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : यह आपका कहना है।... **(व्यवधान)** आप तो यह भी कहते हैं।... **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : तो भगवान राम का नाम कलंकित करने का, पहले तो इनको कोई अधिकार नहीं। दूसरी बात यह है कि हमारे लोक प्रतिनिधित्व की जो धारायें हैं, उनका यह खुला उल्लंघन करते हैं। इस नाते वर्तमान समाजवादी जनता दल की सरकार को चाहिए... **(व्यवधान)**

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : आखिर इनका राम नाम सत है, इनका यही पर्याय होगा।... **(व्यवधान)**

श्री संघ प्रिय गौतम : राम तो इतने साल तक लड़े हैं, उन्हें क्यों बदनाम कर रहे हो ।... **(व्यवधान)** और अब तो राम बैलट पर बैठ गए हैं ।

श्री विठ्ठलराव माधवराव जाधव : आपका तो राम नाम सत होने वाला है, ...घबराइये मत । आप देखिए, सामने आने वाला है ।

उपसभाध्यक्ष (डा० नगेन सैकिया) : प्लीज, यादव जी ।

श्रीमती सत्या बहिन : इन्होंने हमारे देश की धर्म-निरपेक्षता को चुनौती दी है, देश के अस्तित्व को चुनौती दी है, देश के नागरिकों के अन्तर्मन को ललकारा है। आज जितनी भी धर्म निरपेक्ष पार्टियां हैं, जितने इस शांतिप्रिय देश के नागरिक हैं उन सब को एक होकर और सब दलों को एक होकर आवाज उठानी चाहिए कि भाजपा की राजनीतिक मान्यता समाप्त की जानी चाहिए ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, जब अपराध होते हैं तो हिन्दुओं और मुसलमानों में नहीं होते हैं । न तो हिन्दू लड़ना चाहता है और न मुसलमान लड़ना चाहता है। जब कही दंगे होते हैं तो अपराधी लोग उसमें सक्रिय हो जाते हैं और वह अपराधी जिनसे जनता हमेशा नफ़रत करती है जिनको अपने बीच बैठाना पसंद नहीं करती, बोलना-चालना पसंद नही करती, उनको दंगों में वह अपना संरक्षक महसूस करने लगती हैं और वह इसमें लूट-मार और हत्याएं करके पूरा फ़ायदा उठाते हैं। महोदय, मैं इस संबंध में यह कहना चाहती हूं कि मीडिया का भी रोल कुछ अच्छा नहीं रहता । जो हमारी आचार संहिता बनी हुई है उसका उल्लंघन कर उन लोगों ने सांप्रदायिकता को पूरी तरह भड़काने का काम किया है । एटा जिले में जब 4 तारीख को दंगा हुआ था, अखबारों में बड़ी अतिरंजित खबरें दी गई । इस के बाद 7, 8 और 9 तारीख को अलीगढ़ मे दंगा भड़का । उसकी यह प्रतिक्रिया हुई कि गोमती एक्सप्रेस में से 11 आदमियों को उतार कर मार दिया गया और उन 11 आदमियों मे से एक आदमी जो रेलवे का गार्ड था जिसके दाढ़ी थी उसको भी मार दिया । उसको मुसलमान समझ कर मार दिया था यही नहीं उसको मारने वाले भी उसी के समुदाय के थे । उस समुदाय के नागरिक नहीं थे, तो कहती हूं कि जो इस दल के ट्रेंड कार्यकर्ता थे, बजरंग दल के लोग थे, जो मार-काट में विश्वास रखने वाले थे वह लोग थे । जब उसकी लाश कानपुर में पहुंची और उसकी शवयात्रा निकली तो वहां लोगों में यह भड़का दिया कि इसको मुसलमानों ने मारा । इसलिए वहां भी दंगे शुरू हो गए । इसके बाद अलीगढ़ में तीन-चार दिन तक प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं रही । गलियों में नागरिकों की लाशें पड़ी रहीं और उन्हें कुत्ते खींच रहे थे । बदायूं में दंगा फ़िर शुरू हो गया । इसके बाद बुलन्दशहर में हो गया, और दूसरे शहरों में हो गया । यह जो रक्त यात्राएं हैं, यह अभी रुकने वाली नहीं हैं, क्योंकि अभी जब तक चुनाव नहीं होगा तब तक यह निरन्तर बनी रहेंगी अब अस्थि-कलश निकाले जा रहे हैं कहां से इतने अस्थि-कलश आए ? जो हर गांव में, हर कस्बे में, हर शहर में, घुमाए जा रहे हैं । ऐसा कभी नहीं हुआ । मैं यह बताना चाहती हूं कि इनकी भगवान राम में कितनी आस्था है और राम के प्रति आस्था रखने वालों ने भोले भाले लोगों को अयोध्या तक पहुंचाया और उनको तरह तरह के प्रलोभन दिए । हमारे माननीय सांसद् ने कहा जैसा कि हमारे पाण्डेय जी ने भी बताया मैं माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी का सम्मान करती हूं और उनकी प्रशंसा करना चाहती हूं कि उन्होंने [illegible] यात्रा से पहले आडवाणी जी को आगाह भी किया था लेकिन इससे पहले इसकी बुनियाद पड़ चुकी थी । पिछले दिनों जब विश्वनाथ प्रताप सिंह जी इसके खलनायक जब प्रधान मंत्री थे तो उन्होंने पूरी तरह से इस अयोध्या के मसले को मंदिर और मस्जिद के मसले को एक प्रधान मंत्री की हैसियत से कोई जिम्मेदारी नहीं समझी, केवल अपनी कुर्सी के लालच में वह समय को ही टालते रहे । समय को ही नहीं टालते रहे बल्कि हिन्दुओं को और

श्रीमती सत्या बहिन]

मुसलमानों को गुमराह करते रहे । किसी के कान में कुछ कहते थे और दूसरे के कान में कुछ और ही कहते थे । इस तरह से उन्होंने दोनों के लिए ऐसी गुमराह करने की नीति अपनाई । मैंने अरुण शौरी का लेख पढ़ा था । उसमें उन्होंने लिखा था कि विश्व हिन्दू परिषद के लोगों से तो वी०पी० सिंह ने कहा कि वहां पर मस्जिद नाम की कोई चीज ही नहीं है । जब कार सेवक आयेंगे एक एक ईट ले जायेंगे तो मस्जिद रह ही नहीं जायेगी और जब बाबरी मस्जिद वालों से बात की तो उनसे कह दिया कि मस्जिद को हम हाथ नहीं लगाने देंगे । तो ऐसी डबल पालिसी चलायी । ऐसे व्यक्ति को प्रधान मंत्री पद पर रहने का क्या अधिकार था जोकि अपने उत्तरदायित्व को नहीं निभा सकता ?

महोदय, आज समय आ गया है कि जितने धर्म-निरपेक्ष लोग हैं, बुद्धिजीवी हैं, पत्रकार हैं, लेखक हैं, कवि हैं--हम सब को मिलकर राष्ट्र के प्रति हमारा, एक नागरिक की हैसियत से जो उत्तरदायित्व है, उसको निभाने के लिए गांव गांव में इस फैले हुए जहर को समाप्त करने के लिए जन-संपर्क करना होगा, सबको मिलकर इस जहरीले वातावरण को फिर से स्वच्छ बनाना होगा । मान्यवर, इस देश की आजादी की लड़ाई हिंदू और मुसलमान दोनों ने लड़ी थी । यह देश किसी एक संप्रदाय की बपौती नहीं है । न किसी एक संप्रदाय को बहुमत होने के नाते दादगीरी करने का अधिकार, न देश देता है और न देश की जनता देती है । साथ ही, मैं कहना चाहती हूं कि मंदिर और मस्जिद विवाद को जो लोग हल नहीं होने देना चाहते, जो अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिए इसे हल होने नहीं देना चाहते, उनको इससे बिल्कुल दूर रखकर त्रिपक्षीय वार्ता के द्वारा जल्दी से जल्दी हल किया जाना चाहिए । ये लोग मंदिर मस्जिद के मसले पर अदालत के भी फैसले को नहीं मानना चाहते और न वार्ता से हल करना चाहते । दूसरी बात यह है कि जो हमारी न्यायालय की प्रक्रिया है, उनको भी मंजूर नहीं करना चाहते ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please be brief.

श्रीमती सत्या बहिन : मान्यवर, अयोध्या का विवाद जोकि न्यायालय के अंदर विचाराधीन है, उसको जल्दी से जल्दी निपटाया जाना चाहिए । इससे जुड़े बाधाएं पैदा करने वाले जो राजनैतिक लोग हैं, उनकी राजनैतिक मान्यता खत्म कर अलग रखा जाना चाहिए ।

महोदय, आज इस सांप्रदायिक वातावरण में आज भी इंसानियत बाकी है । बहुत से हिंदुओं ने मुसलमानों को बचाया है और मुसलमानों ने हिंदुओं को बचाया है । मैं सरकार को कहना चाहती हूं कि ऐसे लोग जो एक दूसरे को बचाते हैं, जिलों जिलों में ऐसे लोगों की लिस्ट रखनी चाहिए । आज के इस दूषित वातावरण में ऐसे इंसानों का होना बहुत जरूरी है, बहुत मायने रखता है । ऐसे लोगों को चाहे प्रदेश सरकारों की तरफ से, चाहे केन्द्र सरकार की तरफ से प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए । उनको सम्मानित किया जाना चाहिए । यह सम्मान 26 जनवरी के दिन, जोकि हमारा राष्ट्रीय पर्व होता है, उस दिन किया जाना चाहिए क्योंकि इस देश की आजादी के लिए हिंदू और मुसलमान--दोनों ने कुर्बानी की है । इस पर सब का समान अधिकार है । यह देश महात्मा गांधी का देश है, नेहरू का देश है, मौलाना आजाद का देश है, सरदार भगतसिंह का देश है, डा० अंबेडकर का देश है । यह किसी एक व्यक्ति या एक समुदाय की बपौती नहीं है, न कभी उनकी ऐसी दादागिरी चलने दी जाएगी ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Now, Mr. Aurora.

SARDAR JAGJIT SINGH AURORA (Punjab): Thank you, Mr. Vice-Chairman. Before I start, I would like to thank the

honourable Member, Mr. Raj Mohan Gandhi, for permitting me to speak before him.

Sir, I have been listening to the speeches about the communal disharmony and the violence since yesterday and I find that we have been repeating this thing for the last four years that I have been a Member of Parliament here, every year and, possibly, every session. Now, I wonder whether we have really tried to analyze this problem or are wanting to analyze this problem.

Let us first accept that the communal virus came to us at the time of Independence. And did we really make an effort to ensure that we could be free of this communal virus? Unfortunately, when the elections came upon us we found that the communal virus paid dividends to the politicians, of any religion, hue or colour—I am not blaming one party or the other. Rather than thinking of ways and means of getting rid of this communal virus, we have been making use of it, and we have extejnded it to the castes, the ethnic minorities and everything 5. 00 P. M. else. Listening to the hon. Member, Mr_ Pramod Mahajan, one thing that struck me was that whatever he was saying he was totally sincere about it. That is what worried me more than anything else. It worried me because today you have a dichotomy between the majority community or the representatives of the majority community and the other communities which we call "minorities, " and the majority community feels that it is the injured party and not the minority communities. So, unless we are able to overcome this and try and establish mutual rapport and understanding, we will never get out of understanding, we will never get out of this communal violence.

Blaming one individual or the other, one party or the other and thereby getting a feeling of righteousness, I am afraid, is totally misplaced. Therefore, I feel that we have wasted a lot of time. Instead, we should get down to this factor. This communal virus is big danger. How are we going to |V?t put of it?

As long as the politicians feel that it is to their individual or sectarian advantage and that they must exploit it to remain in power or come back to power, nothing is going to happen. So, we really have got to think afresh.

There are other factors, apart from what has been mentioned, which also lead to this communal violence. Those are economic factors. There is no doubt in my mind that poverty is one of the main reasons. You can excite people who are poor, who have no stake in the country and who have possibly taken to criminality and lumpeni-sation. They are always ready to fish in troubled waters and be in a position to loot something or the other. They are with the so-called political or communal leaders. We know that a certain amount of Mafia exists in the country, whose job it is to gather the lumpens around them for protection and display personal strength or party's strength. These are some of the factors which must be taken note of.

I don't think that any religion teaches hatred against other religions. Communa-lism is not really religion. It is politicisa-tion of the religion for the benefit of certain selfish and corrupt elements.

The next thing I would like to mention is about corruption, I should say, corrupt and inefficient administration. This factor has created problems all over the country. You can see it in places like Kashmir, Punjab and Assam, and what damage has been caused by corrupt and inefficient administration. Today police is criminalised, and the Government is incapable of putting them on the right track. Therefore, when communal riots take place, the police takes sides. As a result, the minorities have stop-ed having any trust, any faith in the Gov-vernment. That is a very major factor. When the Government itself losses its credibility, how do you consider, the minorities or anybody else in distress will have faith in it? In fact, why do you speak of the minority? Even the majority does not have faith in the Government, that it has been evenhanded. So, this is another factor which we must upt right. If we cannot clean up Our administration, if we cannot get the

[Sardar Jagjit Singh Aurora]

police trained properly to be non-communal, not to take sides, I am afraid no amount of our specifying here is going io help us.

As the time is short, I would suggest some of the steps that we should take if we have the courage to take. I feel that all religious processions must be banned nothing to do with religion. This is just a by mutual agreement. Processions have show • of strength—how powerful we are in a certain state, in a certain village. Therefore, it is giving a warning to the other people that you have to behave or be underdog and accept it. This is a most important step.

Similarly, there must be a control on loud-speakers. When large congregations are held and fiery speeches are made and people are inspired to shout certain slogans, they hurt another community. That is another reason which causes riots.

Whatever may be the reasons against it, I feel a time has come when we must have a special riot force. You don't have to raise a new force. Certain units of the CRPF can be specially trained for this purpose. Quite rightly they must have representation from all communal and ethnic groups.

All religious places, specially the historical religious places must be provided security. Any attack on them by any community of persons must be very severely dealt with.

I would like to end up by making an appeal. If we are really sincere, if not stop, at least we must reduce the communal incidents. Let the politicians themseives do a certain amount of introspection and realise how much responsible they are for these happenings.

SHRI RAJ MOHAN GANDHI (Uttar Pradesh): One extraordinary feature in this time of unprecedented communal riots is . that the nation does not have a full-time Cabinet level Home Minister. Through you and through the House I urge upon the Government to have a full-time Cabinet level Home Minister.

SHRI HARVENDRA SINGH HANS-PAL (Punjab): Is Mr. Subodh Kant Sahai a part-time Minister?

SHRI RAJ MOHAN GANDHI: I feel Subodh Kant Sahai Ji will make an excellent full-time Cabinet Minister. I feel the country needs a full-time Cabinet level Home Minister. Subodh Kant Ji is also holding the portfolio of Information and Broadcasting.

Secondly, the bias in the police force is a grim matter to which sufficient attention is not being paid. It is a question of leader-. ship, of appointments and training; it is a matter that needs immediate attention.

I would like to refer to certain achievements of the devotees of the Hindu Rashtra, those who want to seize the land on which the mosque is located and to demolish it. As Appa Saheb Kulkarni said this morning, you have succeeded in damaging the prestige of India worldwide. Secondly, you have turned confident Hindus into an insecure community. You have tried to substitute for a world-spanning philosophy of a confident people a narrow-minded re-vanchist. philosophy, of an insecure people. You have injected into the Hindu psyche a persecution complex. You have forged in this nation of many separatisms, a new separatism, a deviation, a deviationist Hindu separatism from mainstream Hindu society. Instead of Hinduism being a moral force, a spiritual force, a social force, you have tried to turn Hinduism into a political force. Ravana abducted Sita. You have tried to abduct Rama.

May I ask all Hindus including those who have subscribed in a little or in a large measure to the philosophy of Hindu Rashtra ask themselves some questions. Before I put read these questions—I will take only a minute or two—I want to read two sentences from the hon. Member, Stori Pramod Mahajan's speech yesterday.. Said Pramodji:

4

"राम जन्मस्थान पर जहां पर सदियों से मंदिर था, द्वेश के आधार पर एक विदेशी आक्रामक ने उस मंदिर को तोड़ा और मस्जिद द्वेश के आधार पर जिसकी निर्मिती हुई, उसकी जगह प्रेम के आधार पर भगवान राम का जहां मंदिर है उसका पुनर्निर्माण करना, यह कोई राष्ट्रों का द्रोह नहीं है"
अर्थात प्रेम को बदला लेने की भावना से जोड़ दिया गया है।

So the questions for all of us Hindus are as follows: Do we love Rama or do we dislike Babur? Is it really the love of Hinduism in our hearts or a dislike of Muslims in our hearts? Is it the love of mandir or a dislike of masjid? I said that you have tried to abduct Rama but Lord Rama is not so easily kidnapped and just as Sita was liberated, Rama is going to be liberated from those who have tried to imprison him and confine him. Rama will be liberated from the advocates of a narrow-minded revanchist philosophy. Love will be liberated from the passion for revenge and God willing, India will be liberated from the clutches of communalism. I thank you, Mr. Vice-Chairman.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Shri Shamim Hashmi. Please conclude within fifteen minutes.

SHRI A. G. KULKARNI: Before he commences I want to know whether the clarifications on the statement regarding current fiscal situation will be there or it is going to meet the same fate which the statement on the industrial policy has met? The Leader of the House is here and he can tell us. It was listed in today's agenda. It is already 5. 15 P. M.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Yes, it is listed in today's agenda. After the discussion is over, **it** will be taken up.

SHRI A. G. KULKARNI: Today?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): I do not think because we shall have **to** complete the discussion on the **communal situation.**

SHRI A. G. KULKARNI: The Prime Minister is also going to reply **to** the debate.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Yes, he is going to reply.

SHRI A. G. KULKARNI: When?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): He will reply on the 4th January, at 12 o'clock.

SHRI A. G. KULKARNI: What about the clarifications?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): We shall let you know after-wards.

SHRI A. G. KULKARNI: I am afraid it is going to meet the same fate as the statement on the industrial policy.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): I don't think so.

SHRI A. G. KULKARNI: Okay.

